


देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

# जन जन जागरण

जनहित का सजग प्रहरी




Web Site: www.janjanjagran.com | भोपाल और झांसी से एक साथ प्रकाशित | भोपाल, शुक्रवार 09 मई 2025 | वर्ष-31 अंक-267 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए | पेज - 6


## ब्रीफ न्यूज

### सीमा पर 4 चीनी नागरिक गिरफ्तार

**चंपारण।** ऑपरेशन सिंदूर के सिलसिले में भारत-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। पूर्वी चंपारण जिले में रक्सौल सीमा पर चार चीनी नागरिकों को बिना वैध वीजा के अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारियां सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने मैत्री ब्रिज पर कीं। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान डेन विज़ियन, लिन युंगघुई, हाय क्यूं हेंसन और हुआग लिविंग के रूप में की गई है, जो चीन के हुनान प्रांत के निवासी हैं। वे दो नेपाली काठमांडू में पिछले एक सप्ताह से चीनी नागरिक थे और बिना वैध दस्तावेजों के भारत में प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। एसएसबी ने उनके पास से 8,000 चीनी युआन, उनके पासपोर्ट, पांच मोबाइल फोन और एक बैग जब्त किया। उनकी गिरफ्तारी के बाद एसएसबी ने खुफिया एजेंसियों को सूचित किया और चारों चीनी नागरिकों को आगे की जांच के लिए स्थानीय हरैया पुलिस को सौंप दिया गया।

### सोना 1,402 घटकर 96,024 पर आया

**नई दिल्ली।** सोने के दाम में गुरुवार को गिरावट दिखी। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (इब्जा) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,402 घटकर 96,024 रुपए पर आ गया है। कल सोने की कीमत 97,426 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 1,174 रुपए गिरकर 94,600 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। बुधवार को चांदी का भाव 95,774 प्रति किलो था। इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 और 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

### कैंटर में घुसी पुलिस वैन, 4 की मौत

**अलीगढ़।** अलीगढ़ के थाना लोधा क्षेत्र के बाईपास हाईवे के चिकावटी मोड़ पर फिरोजाबाद से मुजफ्फरनगर मुलजिम लेकर जा रही पुलिस की वैन गुरूवार सुबह 8.15 बजे खड़े कैंटर से टकरा गई। हादसे में एक दरोगा, तीन पुलिसकर्मी सहित पांच की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। एक पुलिसकर्मी घायल है। सूचना पर पुलिस अधिकारी, फोर्स व क्रेन के साथ पहुंचे। पुलिस ने घायल सिपाही को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। शवों को पोस्टमार्टम को भेजने के साथ पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। बताया जा रहा है कि पीछे जा रही बस के चालक ने ओवरटेक किया तो आगे निकालते समय हाईवे पर खड़े कैंटर में पुलिस वैन घुस गई। जिससे इतना बड़ा हादसा हुआ।

### हेलिकॉप्टर क्रैश, 6 की मौत

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में गुरुवार को हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया। हादसे में पायलट समेत 6 लोगों की मौत हो गई। एक की हालत गंभीर है। मृतकों में मुंबई की 3 महिलाएं, आंध्र प्रदेश और यूपी के बरेली की 1-1 महिला शामिल हैं। पायलट गुजरात का रहने वाला था। हादसा उत्तरकाशी के गंगनानी में भागीरथी नदी के पास हुआ। हेलिकॉप्टर गंगोत्री धाम जा रहा था। उत्तरकाशी प्रशासन के मुताबिक, हेलिकॉप्टर 7 सीटर था।

### आईईडी अटैक में तीन पुलिसकर्मी शहीद

**मुलुगु।** तेलंगाना के मुलुगु जिले में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया है, जिसमें तीन पुलिसकर्मियों के शहीद होने की जानकारी सामने आई है। जिस इलाके में आईईडी अटैक हुआ है, वो छत्तीसगढ़ के सुकमा बॉर्डर से लगा हुआ इलाका है। नक्सलियों ने पुलिस को निशाना बनाकर विस्फोट किया, जिसमें तेलंगाना के तीन पुलिसकर्मी शहीद हो गए हैं। पुलिस रूटीम कॉम्बिंग कर रही थी, इसी दौरान नक्सलियों ने ब्लास्ट कर दिया।

### हाई कोर्ट में 7 लाख 24 हजार केस पेंडिंग

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को हाई कोर्ट में जजों की नियुक्ति पर सुनवाई की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- देशभर के हाईकोर्ट में 7,24,192 क्रिमिनल केसेस पेंडिंग हैं। अकेले इलाहाबाद हाई कोर्ट में 2.7 लाख से ज्यादा मामले पेंडिंग हैं।

# ड्रोन हमलों से दहला पाकिस्तान

## अमृतसर से जम्मू, पठानकोट से भुज... 15 शहरों पर पाक के हमले नाकाम, ढाल बना रहा भारत का सुदर्शन-400, पाकिस्तान की नापाक कोशिश का भारत ने दिया तगड़ा जवाब

### भारत ने तबाह किया पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम, कराची से लाहौर तक सब धुआं-धुआं...

### लाहौर, कराची, रावलपिंडी समेत 9 शहरों पर ड्रोन अटैक, भारत ने 3 एयर डिफेंस सिस्टम तबाह किए

**नई दिल्ली/इस्लामाबाद।** पाकिस्तान द्वारा भारत के 15 शहरों पर किए गए हवाई हमलों की कोशिश को भारतीय वायुसेना और एस-400 वायु रक्षा प्रणाली ने पूरी तरह नाकाम कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर के दूसरे दिन भारत ने पाकिस्तान पर बड़ा एक्शन लिया है। गुरुवार सुबह भारत की स्ट्राइक में पाकिस्तान के तीन बड़े शहरों लाहौर, कराची और रावलपिंडी में लगे एचक्यू-9 एयर डिफेंस सिस्टम तबाह हो गए। हमले के लिए भारत ने इजराइली हार्पी ड्रोन का इस्तेमाल किया। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने गुरुवार दोपहर को कहा कि पाकिस्तान के 9 शहरों में भारत ने ड्रोन हमले किए। पाकिस्तानी सेना कम से कम 50 ड्रोन गिराने में कामयाब रही। शरीफ ने माना कि एक ड्रोन नुकसान पहुंचाने में कामयाब रहा। लाहौर में पाकिस्तानी सेना के 4 जवान घायल हुए और मियानों में 2 लोगों की मौत हो गई। इस बीच अमेरिका ने लाहौर में रह रहे अपने नागरिकों और वाणिज्य दूतावास के कर्मचारियों को सुरक्षित जगहों पर चले जाने को कहा है।

भारत सरकार ने ऑफिशियल बयान जारी करके बताया, 7 और 8 मई की दरमियानी रात को पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग करके अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना सहित कुल 15 शहरों में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की कोशिश की। भारत ने पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई करते हुए एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर दिया। भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया था। इसके बाद से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। पाकिस्तान ने भारत के 15 शहरों को निशान बनाकर हमले करने की कोशिश की, जिसके जवाब में भारतीय वायुसेना के स-400 एयर



डिफेंस सिस्टम ने हर हमले को नाकाम कर दिया है। भारत की जवाबी कार्रवाई में रावलपिंडी, लाहौर और कराची जैसे प्रमुख शहरों को भारी नुकसान हुआ है।

#### कराची में ड्रोन अटैक

कराची में रहने वाले एक शख्स ने बताया कि सुबह 10 बजे के करीब कोई ड्रोन आया और सीधे छत से टकराया। इसके बाद पूरी छत टूट गई और गड्ढा हो गया। स्थानीय के मुताबिक इसके बाद कराची में ब्लैकआउट कर दिया गया क्योंकि बिजली के तारों को भी भारी नुकसान हुआ है। इसके बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरा मच गई। कराची से जो तस्वीरें सामने आई हैं उनमें देखा जा सकता है कि एक घर की छत पूरी तरह से बर्बाद हो गई और घर के अंदर रखे सामान को भी नुकसान पहुंचा है। इसी तरह की तस्वीरें लाहौर से भी आई हैं जहां एक के बाद एक कई एंबुलेंस सड़क पर जाती दिख रही हैं। इसके अलावा पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को भी देखा जा सकता है। लाहौर में इमरजेंसी सायरन की आवाजें भी सुनाई दे रही हैं। शहर की कई इमारतों को ड्रोन हमले से भारी नुकसान पहुंचा है। लाहौर में भारत की जवाबी कार्रवाई के बाद हर तरफ भगदड़ जैसा माहौल देखा जा सकता है।

#### पाकिस्तान का एयर डिफेंस सिस्टम तबाह

भारत की जवाबी कार्रवाई में रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम को भी नुकसान पहुंचा है। यहां रात को पाकिस्तान सुपर लीग का मैच खेला जाना था, जिसमें पेशावर और कराची की टीमें आमने-सामने होने वाली हैं। रावलपिंडी में होने वाले पीएसएल के बाकी मैच कराची में शिफ्ट कर दिए गए हैं। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में आयोजित पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की एक इमरजेंसी बैठक के दौरान यह फैसला लिया गया है। पाकिस्तान के गुजरांवाला ने भी भयानक तस्वीरें सामने आई हैं। यहां तड़के एक के बाद एक धमाकों की आवाजें सुनाई दी हैं। इसके बाद सड़कों पर चलने वाले वाहन अचानक तेजी से दौड़ने नजर आए हैं। इन हमलों के बाद भी पाकिस्तान के होश ठिकाने नहीं आए हैं। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ड्रोन अटैक के बाद इमरजेंसी मीटिंग बुलाई है। साथ ही पाकिस्तानी संसद में भी हमले से घबराकर सांसद रोते हुए दिखाई दे रहे हैं।

#### 15 शहरों को निशाना बनाने की कोशिश

पाकिस्तान ने भारत के अवंतिपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नाल, फलौदी, उत्तर लाई और भुज में हमले की कोशिश की थी। इसके जवाब में भारतीय सेना ने पाकिस्तान के इन हवाई हमलों को नाकाम करने के लिए बुधवार रात को स-400 एयर डिफेंस सिस्टम तैनात कर दिया था।

#### पाकिस्तान ने निर्दोष लोगों को निशाना बनाया

भारत सरकार ने बयान में आगे कहा कि पाकिस्तान की गोलीबारी में सोलह निर्दोष लोगों की जान चली गई है, जिनमें तीन महिलाएं और पांच बच्चे शामिल हैं। यहां भी भारत को पाकिस्तान की ओर से मोर्टार और आर्टिलरी की गोलीबारी को रोकने के लिए जवाब देना पड़ा। भारतीय सशस्त्र बलों ने तनाव न बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है, बशर्ते पाकिस्तानी सेना इसका सम्मान करे। लाहौर में वाल्टन एयरपोर्ट के पास जोरदार धमाकों की एक सीरीज सुनाई देने पर सायरन बजने लगे और लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। तस्वीरों में लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे थे और उन्होंने धुएं के बादल देखे।

## सर्वदलीय बैठक में रक्षा मंत्री का ऐलान...ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी

### जब तक खतरा समाप्त नहीं होता, कार्रवाई जारी रहेगी

### विपक्ष ने कहा, करो सफाया आंतकियों का



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद मोदी सरकार की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कुछ ऐसा कह दिया कि पाकिस्तान की सांसें रुक गई। दरअसल केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सर्वदलीय बैठक के बाद कहा कि देश की सुरक्षा सर्वोपरि है और जब तक खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं होता, कार्रवाई जारी रहेगी। इसका सीधा मतलब ये हैं कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। उन्होंने कहा कि इस एयरस्ट्राइक में करीब 100 आतंकी मारे गए हैं। सर्वदलीय बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी इसकी की पुष्टि की है। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि आतंकियों के करीब 12 इसतरह के ठिकाने अभी बचे हुए हैं।

सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, संकट के समय में हम केंद्र सरकार के साथ हैं। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर पाकिस्तान हमला करेगा, तब भारत 10 गुना ज्यादा ताकत से जवाबी हमला करेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन की ज्यादा तकनीकी जानकारी नहीं दी जा सकती है।

खरगे ने कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर कहा है कि वह कुछ गोपनीय जानकारी अभी सार्वजनिक नहीं कर सकती। श्री खरगे ने कहा कि इस संकट की घड़ी में हम सरकार पर इसके लिए दबाव नहीं डाल रहे हैं और राष्ट्र हित में सरकार के साथ खड़े हैं।

वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हम सभी ने मोदी सरकार को पूरा समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि जैसा कि कांग्रेस अध्यक्ष खरगे जी ने कहा है, मोदी सरकार ने कहा है कि वह कुछ बातों पर चर्चा नहीं करना चाहती। बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेण रिजिजु ने कहा कि राजनीतिक दल जनता की आवाज होते हैं और सभी नेता एक स्वर में कह रहे हैं कि मोदी सरकार की सफलता है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद लगातार घटनाक्रम हो रहा है इसकारण अधिकारियों को बैठक में नहीं बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के साथ आगे की कार्रवाई पर भी चर्चा की गई। वहीं एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सेना के शौर्य की सराहना कर कहा कि विपक्ष ने न केवल समर्थन दिया, बल्कि कुछ रचनात्मक सुझाव भी मोदी सरकार के सामने रखे। उन्होंने आतंकवादी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अभियान चलाने की मांग की। ओवैसी ने कहा कि फरवरी 2025 में हाफिज सईद के बेटे ने जिहाद की धमकी दी थी और अब इस तरह की कार्रवाई उसी योजना का हिस्सा है।

ओवैसी ने कहा कि भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, अमेरिका, ब्रिटेन और एफएटीएफ के माध्यम से पाकिस्तान पर दबाव बनाना चाहिए ताकि टीआरएफ को आतंकी संगठन घोषित किया जाए और पाकिस्तान को फिर से ग्रे लिस्ट में डाला जाए। उन्होंने कहा कि जब भारत इन देशों के साथ व्यापार समझौते कर रहा है, तब यह एक रणनीतिक मौका है दबाव बढ़ाने का।

बैठक में विपक्ष ने सरकार को पूरी तरह सहयोग देने का भरोसा दिलाया है। फिलहाल सरकार और सुरक्षा एजेंसियां स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए हैं।

बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की। बैठक में विपक्ष ने सरकार का साथ देते हुए कहा कि जो काम कर रहे हैं, करते रहिए। इसके अलावा इसमें सरकार की ओर से गृह मंत्री अमित शाह, जगत प्रकाश नड्डा, विदेश मंत्री एस जयशंकर , वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव , द्रमुक के टी आर बालू , एआईएमआईएम के असद्दुदीन ओवैसी , तृणमुल कांग्रेस के सुदीप्त बंदोपाध्याय , शिवसेना के श्रीकांत शिंदे, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह , मार्क्सवादी पार्टी के जॉन ब्रिटास, लोकजन शक्ति पार्टी के चिराग पासवान, बीजू जनता दल के सस्मित पात्रा और द्रमुक के तिरूचि शिवा ने बैठक में हिस्सा लिया।

## चारधाम यात्रा पर निकला हेलीकॉप्टर हुआ हादसे का शिकार, 6 यात्रियों की मौत



**उत्तरकाशी।** चारधाम यात्रा पर निकला एक हेलीकॉप्टर हादसे का शिकार हो गया। इसमें कुल सात लोग सवार थे जिसमें से 6 लोगों की मौत हो गई। राहत एवं बचाव दल अपना काम कर रहा है। वहीं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। एयरोट्रांस सर्विसेस प्रा.लि.के इस हेलीकॉप्टर यात्रियों को लेकर गंगोत्री धाम की यात्रा पर जा रहा था तभी गंगोत्री हाइवे पर गंगनानी के पास जंगलों में जा गिरा। इस हेलीकॉप्टर में 7 लोग सवार थे। रेस्क्यू टीम मौके पर राहत एवं बचाव कार्य में जुटी है। एसडीआरएफ टीम भटवाड़ी द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर देखा गया तो पाया कि कि हेलीकॉप्टर लगभग 200 से 250 मीटर गहरी खाई में गिरा हुआ था। टीम द्वारा घटनास्थल पर बेस बनाकर खाई में उतरकर रेस्क्यू को शुरू किया किया गया।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि उत्तरकाशी के गंगनानी के समीप हेलीकॉप्टर क्रैश में कुछ लोगों के हताहत होने का अत्यंत दु:खद समाचार प्राप्त हुआ है। राहत एवं बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गई हैं। ईश्वर हादसे में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा को श्रीचरणों में स्थान एवं शोकाकुल परिजनों को यह असीम दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। प्रशासन को घायलों को हर संभव सहायता पहुंचाने एवं हादसे की जांच के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में लगातार अधिकारियों के संपर्क में हूं और हर स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है।

## भारत के हमले से कांपा पाक, एनएसए और आईएसआई चीफ ने डोभाल से की बात

### वैश्विक समुदाय ने भी दोनों देशों से की संयम बरतने की अपील

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश में लोगों को इंतजार था कि भारत कब आतंकियों से बदला लेगा और मंगलवार रात भारतीय सेना ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले पीओके के 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर इस इंतजार को खत्म कर दिया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के चार और पीओके के पांच स्थानों पर एयर स्ट्राइक कर आतंकियों के ठिकानों को तबाह कर दिया और पहलगाम में मारे गए लोगों की मौत का बदला ले लिया।

भारत की इस कार्रवाई के बाद अब पाकिस्तान सरेंडर हो गया है और पाकिस्तानी एनएसए ने भारतीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से संपर्क किया है। जहां भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद मामले को नहीं बढ़ाने की घोषणा की है, तो वहीं पाकिस्तान के पीएम



शहबाज शरीफ ने इन हमलों का जवाब देने की बात कही है, लेकिन एक अहम सूचना सामने आई है जिसके मुताबिक पाकिस्तान के एनएसए और आईएसआई प्रमुख असीम मलिक ने अजीत डोभाल से बात की है।

अजीत डोभाल के साथ असीम मलिक की हुई बातचीत के बारे में पाकिस्तान के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री इशाक डार ने एक इंटरव्यू में ये बात कही। मीडिया रिपोर्टर ने दावा किया है कि उसके चैनल से बातचीत में इशाक डार ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच एनएसए स्तर पर संपर्क हुआ है।

## सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता का प्रतीक: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### समाज में आ रहा सकारात्मक बदलाव प्रशंसनीय

### मुख्यमंत्री मकरोनिया में 1119 जोड़ों के सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुए वर्चुअली शामिल

### नवविवाहित जोड़ों को सफल वैवाहिक जीवन का दिया आशीर्वाद

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम समाज में समरसता, एकता और मितव्ययिता का उत्कृष्ट



उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि एक ही मंडप में कई जोड़ों का विवाह होना सामाजिक चेतना और बदलती सोच का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास से सागर जिले की नरयावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रजाखेड़ी बजरिया (मकरोनिया) में सम्पन्न सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन में कुल 1119 जोड़ों का एक ही मंडप में विवाह कराया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब सामूहिक विवाह समाज द्वारा प्रसन्नतापूर्वक सहजता से अपनाए जा रहे हैं, जो यह दर्शाता है कि हमारे समाज की मानसिकता में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है। यह बेहद प्रशंसनीय और अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के वैवाहिक आयोजनों से वर-वधू दोनों ही पक्षों का आर्थिक बोझ कम हो जाता है और इससे सामाजिक एकता को भी बल मिलता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी से आत्मीय अपील की कि हम सब इसी प्रगतिशील सोच को अपनाएं और समाज में सद्भाव, सहयोग एवं सादगी को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से अब तक लाखों जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। यह योजना जरुरतमंद परिवारों के लिए एक वरदान की तरह है। उन्होंने वर-वधू से कहा कि वे सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लेकर अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़ें।

» न्यूज कैप्सूल »

## स्वामी विवेकानंद स्कूल के बच्चों ने लहराया अपना परचम



**नर्मदापुरम।** सेमरी हरचंद-स्थानीय स्वामी विवेकानन्द स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में एक बार फिर सोहागपुर ब्लॉक में अपना परचम लहराया है , स्कूल की छात्रा नैंसी दुबे ने कक्षा दसवीं में 96त्न अंक लाकर सोहागपुर और सेमरी हरचंद में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। वहीं शिवनेश पटेल ने 95 त्न , हर्षिता प्रजापति 94त्न, आकांक्षा प्रजापति 92त्न फाल्गुनी पटेल 91त्न फैज खान 91त्न अंक हासिल किए। स्कूल संचालक घनश्याम यादव ने बताया कि संस्था द्वारा बच्चों के मानसिक स्तर को समझ कर उनके अनुकूल वातावरण तैयार कर पढ़ाई कराई गई जिसमें बच्चों ने भरसक मेहनत कि जिससे हमारा परीक्षा परिणाम पुन: ब्लॉक में शीर्ष स्थान पर रहा , सभी अभिभावकों को बहुत बहुत बधाई जिनका संस्था को पूरा सहयोग मिला , उन्होंने कहा संस्था आगे भी उत्कृष्ट परिणाम के लिए दृढ़ संकल्पित है।

## रीवा आईजी ने एसपी की तरह किये ट्रांसफर, पीएचक्यू ने निरस्त किया आदेश

**भोपाल।** विशेष पुलिस महानिदेशक प्रशासन ने एक आदेश जारी कर रीवा आईजी गौरव राजपूत के उस आदेश को निरस्त कर दिया जिसमें उन्होनें एसपी की तरह ट्रांसफर आदेश जारी किया था। अपने आदेश में स्पेशल डीजी ने लिखा कि आईजी रीवा जोन के कार्यालय द्वारा 1 मई 2025 को एक ट्रांसफर आदेश जारी किया गया था। इसे डीजीपी ने राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए बनाई गई स्थानांतरण नीति 2025 की कंडिका क्रमांक 8 के प्रावधान अनुसार नहीं पाया। ऐसा लिखते हुए आईजी रीवा के आदेश को निरस्त कर दिया। जानकारी मिली है, कि आईजी रीवा गौरव राजपूत ने एक आदेश निकालकर पुलिस अधीक्षकों की भांति ट्रांसफर किया था। बताया गया है कि आईजी के आदेश में एक सर्कुलर का संदर्भ दे कर उसकी गलत व्याख्या की गई थीद्य इसीलिए डीजी ने इस आदेश को निरस्त कर दिया है। मामले में डीजी प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया कि स्थानांतरण के अधिकार पुलिस अधीक्षक के पास ही रहेंगे।

## बगैर अनुमति के आयोजन करने पर लगाया गया प्रतिबंध, भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**इन्दौर।** इंदौर नगर मेट्रोपॉलिटन की सीमा में कानून व्यवस्था को कायम रखने/जन सामान्य के हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु इन्दौर नगरीय सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। इस संबंध में पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार इंदौर नगरीय सीमा में कोई भी धार्मिक संस्था/राजनैतिक संगठन / अन्य समूह जैसे वेतन भोगी, शासकीय कर्मचारी आदि संगठन जब तक किसी आयोजन की विधिवत् सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त नहीं कर लेते, तब तक उस आयोजन को करना प्रतिबंधित किया गया है ।सभी प्रकार के जुलूस, धरना प्रदर्शन, धार्मिक आयोजन, विवाह आयोजन, जन्म दिवस आयोजन आदि में किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र अथवा विस्फोटक सामग्री का उपयोग व रखरखाव किया जाना भी प्रतिबंधित होगा।

## मेंगो जत्रा आज से - महकेगा इंदौर हापुस आम की खुशबू से, 23 से अधिक आम उत्पादक लेंगे हिस्सा

**इन्दौर।** मराठी सोशल ग्रुप ट्र्स्ट का सालाना आयोजन मेंगो जत्रा का 12 वां संस्करण आज 09 मई से शुरु होगा। संस्था के सुधीर दांडेकर और राजेश शाह ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध महाराष्ट्र के कोंकण के करीब 23 आम उत्पादक ओरिजिनल हापुस आम एवं कोंकण के अन्य उत्पाद सीधे ग्राहक को विक्रय करेंगे। मेंगो जत्रा 09 मई से 11 मई तक सुबह 09 से रात्रि 10 बजे तक ग्रामीण हाट बाजार, ढक्कन वाला कुआ, साउथ तुकोगंज पर आयोजित किया जाएगा।

# शहर में अवैध शराब की बिक्री को बंद करने, विधायक ने लिया था मीडिया का सहारा

### इसके बाद भी नर्मदापुरम में अवैध शराब का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है

### अवैध शराब की पेटी ले जा रहें स्कूटी ने बुजुर्ग को सामने से मारी टक्कर गंभीर रूप से घायल



**आरती मालवीय**

**नर्मदापुरम।** शहर में आईपीएल सट्टा और अवैध शराब के करण जिले में चार मौत के बाद शायरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हो चुकी है जिसको लेकर नर्मदापुरम विधायक सीताशरन शर्मा ने कई बार संबंधित अधिकारियों को शहर में अवैध शराब बंद करने को लेकर आवेदन निवेदन किया इसके बाद भी पुलिस और संबंधित विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जिसके बाद विधायक शर्मा ने प्रेस कांफ्रेंस बुलाकर मीडिया का सहारा लेकर अवैध शराब और आईपीएल सट्टे पर कार्रवाई को लेकर अपनी बात रखी इसके बाद कुछ हद तक शहर में शराब माफियायों शराब बंद कर दी जिसके बाद मामला ठंडा होते ही शहर में एक बार फिर अवैध शराब का कारोबार फलने फूलने लगा है बुधवार सुबह एक स्कूटी सवार युवक स्कूटी पर दो पेटी देशी शराब लेकर जा रहा था जिसने एक बुजुर्ग की स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे बुजुर्ग घायल हो गया। घटना करीब सुबह 6 बजे की हैं। शराब दुकान से स्कूटी सवार शराब लेकर आ रहा था। शहर में शराब की अवैध तस्करी कर आवेध शराब का कारोबार जमकर फल फूल रहा है। स्कूटी सवार युवक शराब की खेप लेकर चर्च के पास लोक सेवा केंद्र के सामने से जा रहा था उसी दौरान स्कूटी चालक ने एक बुजुर्ग को सामने से टक्कर मार दी बुजुर्ग की हालत गंभीर बताई जा रही है नर्मदापुरम शहर के नितेश खंडेलवाल ने बताया कि यह घटना सुबह 8 बजकर 15 की है वह अपने घर से मार्केट दुकान दुकान पर जा रहे थे। तभी उन्होंने देखा कि अवैध शराब से भरी स्कूटी चालक ने बुजुर्ग व्यक्ति अपनी एक्टिवा स्कूटी से दो बच्चों को लेकर कहीं जा रहे थे। उन्हें पीछे से टक्कर मार दी जिससे बुजुर्ग घायल हो गए उन्हें संजीवनी अस्पताल में ले जाकर नितेश खंडेलवाल ने उन्हें भर्ती कराया जहां उनका उपचार चल रहा है। वही बच्ची के पैरों में भी गंभीर चोटें आई हैं डॉक्टर ने उन बच्चों का भी इलाज किया है बताया जा रहा है की बच्ची के पैर में गंभीर चोट आने के कारण पैर में टांके लगाए हैं। सूत्रों की माने तो जिले में नर्मदा किनारे से करीब 5 किलोमीटर के दायरे में अवैध शराब प्रतिबंधित है इसके बाद भी हर गली मोहल्ले में अवैध शराब बेची जा रही है। अवैध शराब का कारोबार जमकर फल फूल रहा है। आबकारी विभाग महुआ लहान पकड़ने में लगा हुआ है शहर में अवैध शराब के कारोबारीयों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। अगर संबंधित विभाग शहर में बिक रही है अवैध शराब को बंद नहीं कर सकता है तो जो दुकान शहर से 5 किलोमीटर दूर की गई है उन्ह शराब दुकानों शहर के अंदर लाया जाए जिससे अवैध शराब तो बंद हो सकेगी।

# जजों ने लिया पर्यावरण संरक्षण में योगदान का संकल्प



**गुना।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की गुना इकाई द्वारा चलाये जा रहे पर्यावरण संरक्षण अभियान के अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण में स्वयं की भूमिका हेतु संकल्प पत्र भरवाये जा रहे हैं। इसी क्रम में गुना के न्यायाधीशगण द्वारा भी संकल्प पत्र भरे गये हैं। ग्राहक पंचायत के क्षेत्र संगठन मंत्री अलंकार वशिष्ठ एवं जिला सचिव विठ्ठल अहिरवार ने बताया कि यह समन्वय और सामंजस्य से व्यवस्था में सुधार हेतु कार्य करने वाला संगठन है, जो कि पिछले 50 वर्षों से ग्राहक जागरण हेतु कार्य कर रहा है। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र, विशेष न्यायाधीश संदीप श्रीवास्तव, अपर सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार सूर्यवंशी, अपर सत्र न्यायाधीश राघवेन्द्र भारद्वाज, अपर सत्र न्यायाधीश ओ पी रघुवंशी, अपर सत्र न्यायाधीश राधाकिशन मालवीय, अपर सत्र न्यायाधीश सोनाली शर्मा, अपर सत्र न्यायाधीश शैलजा गुप्ता, सीजेएम मधुलिका मुले, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव वन्दना त्रिपाठी, जेएमएफसी श्रुति चौहान, जेएमएफसी चेतन बजाड़, जेएमएफसी यश दुबे, जेएमएफसी सुरेश बारगिया, इस अभियान के प्रभारी अजय श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष जयवीर सिंह रघुवंशी उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर ब्राह्मण समाज की बहनों ने मनाया जश्न, तिरंगे को दी सलामी



**गुना।** देश की सीमा पर आतंकवाद के खिलाफ एक और सर्जिकल स्ट्राइक में मिली सफलता के बाद पूरा देश गौरवान्वित है। हाल ही में भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर गुना में ब्राह्मण समाज की बहनों ने देशप्रेम की भावना के साथ एक विशेष आयोजन किया। इस दौरान बहनों ने तिरंगे को सलामी दी, राष्ट्रगान गाया और भारत माता के जयकारे लगाए। इस कार्यक्रम के माध्यम से ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने देश की सुरक्षा में जुटे सैनिकों के साहस और सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति को सलाम किया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को वीरता का प्रतीक बताते हुए कहा कि जिन आतंकियों ने देश की बहनों के सिंदूर उजाड़े थे, उन्हें भारतीय सेना ने मुंहतोड़ जवाब देकर सर्जिकल स्ट्राइक के माध्यम से खत्म कर दिया। इस मौके पर महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार की रणनीति की सराहना करते हुए सेना के तीनों अंगों थल सेना, जल सेना और वायु सेना को धन्यवाद दिया। सुबह हुए इस कार्यक्रम में महिलाओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से यह संदेश दिया कि देश की बेटियां अब केवल पीड़िता नहीं, बल्कि दुश्मनों के खात्मे का साहस रखने वाली शक्ति बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारत की बेटियों और माताओं के सम्मान की पुर्नस्थापना है। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज की जिला अध्यक्ष सपना शर्मा, सचिव नीरज अवस्थी, कोषाध्यक्ष संध्या शर्मा सहित समाज की कई सक्रिय महिलाएं मौजूद रहीं। इनमें अर्चना पाठक, उपमा शर्मा, लक्ष्मी पाराशर, प्रीति शर्मा, राखी शर्मा, अर्चना शर्मा, श्वेता शर्मा, नीतू निर्भय, उर्मिला त्रिवेदी, मीना शर्मा, सरिता शर्मा, ज्योति शर्मा, राजकुमारी शर्मा और मानसी प्रमुख रूप से शामिल थीं। कार्यक्रम में सभी बहनों ने एक-दूसरे को बधाइयां दीं और कहा कि जब तक देश की माताएं जागृत हैं, तब तक कोई भी आतंकी ताकत भारत की ओर आंख उठाकर नहीं देख सकती।

# बीए सेकेंड ईयर इतिहास का पेपर पुन: कराने की अनुशंसा

### वीरांगना का मकबरा कहां हैं पूछने वाली टीचर को परीक्षा कार्य से हटाया

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय इनदिनों अपनी लापरवाही को लेकर सुर्खियों में है7 अभी बीएससी के पेपर में रानी दुर्गावती की समाधी की जगह यह पूछा गया कि रानी दुर्गावती का मकबरा कहा है। इस मामलें को लेकर मचा तूल अभी शांत नहीं हो सका7 बुधवार को 7 मई को आयोजित बी.ए. द्वितीय वर्ष 2025 परीक्षा के इतिहास विषय के द्वितीय प्रश्नपत्र में पाठ्यक्रम से हटकर प्रश्न पूछे जाने पर बवाल मच गया। विद्यार्थी परिषद ने इस पर जमकर हंगामा किया इसके बाद रादुविवि प्रशासन ने विषय विशेषज्ञ अभिमत के बाद छात्र हित में निर्णय लेते हुए प्रश्नपत्र का रद्द कर पुन- परीक्षा आयोजित करने की अनुशंसा की है।

### वीरांगना से जुड़ा प्रश्न निरस्त, पूर्ण अंक दिए जायेंगे

इधर, कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता एवं कुलसचिव डॉ. आरके बघेल तथा संकायाध्यक्षों की उपस्थिति में विगत दिवस आयोजित विद्या परिषद् की स्थायी समिति की बैठक में 3 मई 2025 को आयोजित बी.एससी./बी.काम. द्वितीय वर्ष 2025 परीक्षा के फाउण्डेशन कोर्स, पेपर-04 के विषय-महिला सशक्तिकरण प्रश्नपत्र के प्रश्न क्रमांक 42 में ''रानी दुर्गावती का मकबरा कहाँ बना है'' में चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया कि विद्यार्थी हित में प्रश्न क्रमांक 42 को निरस्त किया जाये तथा उक्त प्रश्न के पूर्ण अंक सभी विद्यार्थियों को दिए जाए।

### पेपर सेटर को परीक्षा कार्य से किया दूर

विद्या परिषद की बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि रानी दुर्गावती से जुड़े प्रश्न से त्रुटि करने वालें पेपर सेटर करने वालें संबंधित शिक्षिका को 3 वर्ष के लिए परीक्षा कार्य, प्रश्नपत्र रचना तथा मूल्यांकन कार्य से पृथक रखा जाये एवं ठाकुर पब्लिकेशन प्राइवेट लिमि., भोपाल द्वारा प्रकाशित पुस्तक पर कार्यवाही के लिए म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग को पत्र लिखा जाए।

# भारत-पाक तनाव के बीच शहर में बदल रहा जनजीवन

### कार्यक्रमों की तारीखें बदल रहीं, बाजार में बढ़ी सतर्कता

**जबलपुर।** बीते चार दिनों में भारत-पाकिस्तान के बीच गहराते तनाव ने आम नागरिकों के जीवन पर स्पष्ट असर डालना शुरू कर दिया है। सीमाओं पर लगातार गतिविधियों और सैन्य स्तर पर तेज होते घटनाक्रमों के बीच शहर के नागरिक अब यह मानकर चल रहे हैं कि दोनों देशों के बीच पूर्ण युद्ध की स्थिति कभी भी औपचारिक रूप ले सकती है।

तनाव के इस माहौल का असर सबसे पहले व्यक्तिगत आयोजनों पर दिखने लगा है। जिन लोगों के घरों में शादी-ब्याह जैसे बड़े निजी कार्यक्रम होना थे, वो उसे एक माह आगे बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं.

लोगों के खर्च करने के तरीके में भी स्पष्ट परिवर्तन देखा गया है। बड़े खर्च जिन्हें टाला जा सकता हैं, उससे आम शहरवासी परहेज कर रहे हैं.

बाजारों में शांति और आत्म विश्वास है. लेकिन दैनिक उपयोग की वस्तुओं, अनाज, दाल, तेल और अन्य खाद्य सामग्री की मांग में अचानक वृद्धि देखी गई है। लोग सीमित मात्रा में ही सही, लेकिन आवश्यक वस्तुओं का भंडारण करने लगे हैं। दुकानदारों के अनुसार, कुछ उपभोक्ता राशन के अतिरिक्त पैकेट खरीद रहे हैं — विशेषकर गेहूं, चावल और दाल जैसी वस्तुएं अधिक मांग में हैं।

केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं, बल्कि सार्वजनिक और राजनीतिक क्षेत्र में भी युद्ध की आहट ने अपनी छाप छोड़ दी है।

कांग्रेस पार्टी ने जहां अपने ÷संविधान बचाओ÷ अभियान को आगे बढ़ा दिया है, वहीं पार्टी के अन्य सभी आंदोलन, प्रदर्शन और सभाएं फिलहाल के लिए स्थगित कर दी गई हैं। दूसरी ओर, अन्य राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने भी इस महीने प्रस्तावित अपने सभी प्रमुख कार्यक्रमों को रद्द या आगे के लिए टाल दिया है। इस कदम को नागरिकों की सुरक्षा और सामाजिक शांति को प्राथमिकता देने के रूप में देखा जा रहा है।

### प्रशासनिक तैयारी भी तेज....

जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस प्रशासन अपने-अपने स्तर पर सिविल डिफेंस तैयारियों को मजबूत करने में लगे हुए हैं। सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के साथ-साथ मॉक ड्रिल, अलर्ट सिस्टम और आपात स्थितियों से निपटने के लिए फील्ड प्लानिंग पर भी काम किया जा रहा है। शासकीय विभागों ने संभावित ब्लैकआउट और राहत केंद्रों की व्यवस्था पर फोकस बढ़ाया है।

# चरगवां से सिमरिया पहुंची शराब दुकान का विरोध

### आक्रोशित महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंचीं, दर्ज कराई आपत्ति




**जबलपुर।** शहर के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों में कही भी खुल रही शराब दुकानों का विरोध शुरू हो गया है। बीते कई सालों से चरगवां में स्थापित शराब दुकान को अब 12 किलोमीटर दूर जबलपुर-सिवनी बॉर्डर पर शिफ्ट किया जा रहा है। इसी के चलते वहां रहने वाली ग्रामीण महिलाओं ने शराब दुकान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। गुरुवार को सिमरिया गांव की महिलाएं जिला पंचायत सदस्य के साथ कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची और सिमरिया गांव में खुल रही शराब दुकान पर अपना विरोध दर्ज कराया7 सहायक आबकारी आयुक्त से चर्चा के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कहा कि जबलपुर और सिवनी जिले की बॉर्डर पर शराब दुकान खुलने से ठेकेदारों को तो फायदा होगा लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में शराब की लत फैलेगी और बच्चें भी इसका शिकार होंगे7

### क्यों शिफ्ट की जा रही है दुकान

गांव की महिलाओं का कहना है कि कई वर्षो से चरगवां में बिना किसी विरोध के शराब दुकान चल रही थी तो अचानक अब ऐसा क्या हो गया कि आबकारी विभाग ने चरगवां से सिमरिया में शराब दुकान शिफ्ट करने की तैयारी कर दी।

जिला पंचायत सदस्य ने आरोप लगाया कि गांव की सहमति के बिना शराब दुकान का निर्माण कर दिया गया है, जिससे ग्रामीण महिलाओं में खासा आक्रोश है।

स्थानीय महिलाओं का कहना है कि उनका गांव अभी शांतिपूर्ण वातावरण में है। यदि शराब दुकान खुली, तो सामाजिक माहौल खराब होगा और महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा पर भी विपरीत असर पड़ेगा। युवाओं में नशे की लत बढ़ेगी, जिससे उनके रोजगार और पारिवारिक जीवन पर भी बुरा असर पड़ेगा।

### आबकारी नीति का उल्लंघन

ग्रामीणों का यह भी कहना है कि चरगवां से सिमरिया गांव में शराब दुकान को शिफ्ट करते समय वर्तमान आबकारी नीति का उल्लंघन किया गया है। मध्य प्रदेश की आबकारी नीति के अनुसार किसी शराब दुकान को दूसरी जगह ट्रांसफर करने के लिए एक निर्धारित परिक्षेत्र तय होता है, लेकिन सिमरिया गांव उस परिक्षेत्र से 12 किलोमीटर दूर है।

इस मामले में ग्रामीणों की शिकायत पर सहायक आबकारी आयुक्त संजीव सिंह ने कहा कि जांच करवाई जाएगी। यदि शराब नीति का कोई उल्लंघन पाया गया, तो उसे दुरुस्त किया जाएगा। उन्होंने स्थानीय सर्किल अधिकारी को मौके पर जाकर जांच रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

## बिना टिकट यात्रियों से रेलवे ने 4.52 करोड़ राजस्व वसूला

**जबलपुर।** जबलपुर रेल मंडल द्वारा यात्री गाड़ियों में चलाये जा रहे सघन टिकिट जाँच अभियान में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है जिसके तहत चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम माह (1अप्रैल से 30 अप्रैल 2025) तक मंडल के टिकिट जांच अभियान ने रिकार्ड 4.52 करोड़ रूपये का राजस्व एकत्रित किया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के मार्गदर्शन एवं शशांक गुप्ता के नेतृत्व पर जबलपुर रेल मंडल में मंडल वाणिज्य प्रबंधक नितेश कुमार सोने एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक गुन्नार सिंह , धर्मेंद्र कुमार सिंह की टीम के द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में चलाए गए विभिन्न जांच अभियानों के अंतर्गत तथा नियमित टिकट जांच के दौरान टिकट चेकिंग स्टाफ द्वारा बिना टिकट/अनुचित टिकट एवं बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों की सघन जांच की गई।

## परिजनों के साथ नहाने पहुंचा बालक सरस्वती घाट में डूबा


**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत सरस्वतीघाट में परिजनों के साथ नहाने गए 15 साल का बालक नहाते समय पानी के तेज बहाव में बह गया। घटना के वक्त मौजूद घाट में नहा रहे लोगों व स्थानीय गोताखोरों ने बच्चें को बचाने का प्रयास किया, लेकिन देखते देखते ही बालक पानी में समा गया। घटना की सूचना मिलने पर भेड़ाघाट पुलिस मौके पर पहुंची, यह समाचार लिखे जाने तक गोताखोर नदी में डूबे बालक की तलाश करते रहे। बालक गोराबाजार कजरवारा का निवासी बताया गया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कजरवारा निवासी पप्पू चौधरी का 15 वर्षीय विशाल चौधरी अपने परिजनों के साथ गत सुबह सरस्वती घाट नहाने पहुंचा था। परिजनों के साथ विशाल भी नदी में नहाने के लिए चला गया। इस दौरान वह तेज बहाव में बह गया7 मौके पर मौजूद लोगों व गोताखोरों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं मिला7 गुरुवार की सुबह से होमगार्ड के गोताखोरों को लगाकर तलाश कराई जा रही है।

# एआई वर्कशॉप में शामिल हुए प्रदेशभर से आए आईएएस अधिकारी

## सरकारी सेवाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल पर चर्चा

**भोपाल।** भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र में गुरुवार को दो दिवसीय कार्यशाला एआई भारत मध्य प्रदेश शुरू हुई। कार्यशाला में प्रदेश की नीतियों और टेक्नोलॉजी सेक्टर से जुड़े विशेषज्ञों और आईएएस अधिकारियों ने सरकारी सेवाओं में एआई के उपयोग पर चर्चा की। यह भी बताया गया कि मध्य प्रदेश उन कुछ राज्यों में से एक है जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर तेजी से काम हो रहा है। इसके साथ ही आधार में प्री-डॉक्यूमेंट फाइलिंग और फेस डिटेक्शन जैसी तकनीकों को शामिल करने पर भी काम किया जा रहा है।

यह दो दिवसीय कार्यशाला 9 मई तक चलेगी। इस दौरान में डिजिटल टेक्नोलॉजी, क्लाउड कंप्यूटिंग, डेटा सुरक्षा और आधार से जुड़ी नवाचार परियोजनाओं पर भी विशेष सत्र रखे गए हैं। कार्यशाला में आईएएस आशीष वशिष्ठ, म.प्र. राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम, आईएएस संजय दुबे अपर मुख्य सचिव,



विज्ञान और प्रौद्योगिकी और सौरभ मंडल डीआरडीओ, वैज्ञानिक-एफ समेत कई अधिकारी मुख्य वक्ता मौजूद रहे।

### भारत का पहला एसडी-वान राज्य नेटवर्क

कार्यशाला में बताया गया कि मध्य प्रदेश ने डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारत का पहला एसडी-वान आधारित राज्य नेटवर्क बनाया है। यह नेटवर्क समाधान पूरे राज्य में सरकारी कार्यालयों को जोड़ने, डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है। इसके साथ ही कार्यशाला में मध्य प्रदेश साइबर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम में भी बताया गया, जो राज्य में डिजिटल सेवाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करती है। साथ ही साइबर हमले या सुरक्षा में गड़बड़ी पर तुरंत कार्रवाई करती है। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा तकनीकी नवाचार और डिजिटल इंडिया अभियान को सशक्त बनाने के लिए राज्य में आईटी पार्क केंद्रों की स्थापना की गई है। इन पार्कों का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना, आईटी उद्योग को बढ़ावा देना, और राज्य को एक डिजिटल हब के रूप में विकसित करना है।

## » न्यूज कैप्सूल »

### मप्र में माओवादी संगठन पर जारी रहेगा बैन

#### सीपीआई के दो संगठनों पर 1 साल के लिए बढ़ा प्रतिबंध

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में माओवादी संगठन पर बैन जारी रहेगा। गृह विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के दो संगठन पर बैन को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। बता दें कि गृह विभाग ने क्रांतिकारी जन कमेटी और क्रांतिकारी किसान कमेटी पर बैन को एक साल के एक्सटेंशन कर दिया है। यह बैन पिछले साल इन संगठनों के खिलाफ जारी किया गया था। यह फैसला राज्य में माओवादी गतिविधियों पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से लिया गया है।

गौरतलब है कि बालाघाट समेत आसपास के जिलों में माओवादी सक्रिय हैं। इन संगठनों पर बैन का मतलब है कि उनकी सभी गतिविधियां गैरकानूनी होंगी। जैसे की इन संगठनों से जुड़े लोग सार्वजनिक रूप से इकट्ठा नहीं हो पाएंगे। ये संगठन किसी भी तरह से धन नहीं जुटा पाएंगे। इसके अलावा पुलिस और सुरक्षा बल संगठनों से जुड़े लोगों और उनकी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखेगी।

### पेंशनरों के लिए बड़ी खुशखबरी

#### कर्मचारी घर आकर बनाएंगे पेंशन के जरूरी कागज

**भोपाल।** में भारतीय डाक विभाग ने पेंशनर्स को एक खुशखबरी दी है। अब पेंशनरों को जीवित प्रमाण पत्र जमा करने के लिए डाकघर और बैंक का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। अब पेंशनर्स डिजिटल सेवा के माध्यम जीवित प्रमाण पत्र जमा कर सकते हैं। डाकिया अब पेंशनरों के घर जाकर डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र बनाएंगे। यह सुविधा डाक विभाग द्वारा इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से मुहैया कराई जा रही है। अब बुजुर्गों को होने वाली मुश्किलों से मुक्ति मिल जाएगी।

डाक विभाग का कहना है कि जो पेंशनर्स किसी कारणवश बाहर नहीं निकल सकते हैं या किसी अन्य राज्यों में रहते हैं। ऐसे लोगों के लिए यह सेवा अत्यंत लाभकारी है। बुजुर्ग स्वास्थ्य और कई अन्य कारणों से डाकघर और बैंक में नहीं जा पाते हैं, जिसके चलते कई बार उनकी पेंशन रुक जाती है। अब नई पहल से यह समस्या खत्म हो जाएगी।

#### घर बैठे होगा सारा काम

पेंशनर के घर डाकिया पहुंचकर माइक्रो एटीएम डिवाइस के माध्यम से उनका बायोमेट्रिक, फिंगरप्रिंट और फेस कैप्चर लेकर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र तैयार करेंगे। जिसके बाद प्रमाण पत्र को तत्काल संबंधित विभाग को भेज दिया जाएगा। यदि पेंशनर चाहे तो डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र को वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा मोबाइल एप के माध्यम से भी इस सुविधा का उपयोग किया जा सकता है।

# मप्र में बिछेगा पुल और फ्लाईओवर का जाल

## 10 हजार करोड़ की योजना पर हो रहा काम

**भोपाल।** मप्र के लोक निर्माण विभाग ने लोक निर्माण से लोक कल्याण का नारा दिया है। इसके अंतर्गत मप्र को प्रगति के पथ पर बढ़ाने के लिए विभाग ने सड़क निर्माण में आधुनिक तकनीक, पर्यावरण संरक्षण, लोकपथ ऐप और गुणवत्ता नियंत्रण से राज्य का बुनियादी ढांचा ही बदल दिया है। प्रदेश में अधोसंरचना विकास अब केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि यह समग्र सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी परिवर्तन का माध्यम बन चुका है। लोक निर्माण विभाग का नेटवर्क प्रदेश के गांवों, शहरों, कृषि क्षेत्रों और औद्योगिक केंद्रों को एकसूत्र में पिरोने का काम कर रहा है। इसी कड़ी में सरकार ने 10 हजार करोड़ में 474 पुल और फ्लाईओवर बनाने का काम शुरू कर दिया है।

मप्र में मौजूदा दौर में लोक निर्माण विभाग के अधीन 80,775 किमी लंबा सड़क का नेटवर्क क्रियाशील है। जिसमें 9,315 किलोमीटर नेशनल हाइवे, 11,389 किमी स्टेट हाईवे, 25,639 किमी मुख्य जिला सड़क और 34,432 किलोमीटर दूसरे जिले की सड़कें शामिल हैं। इन सड़कों का यह नेटवर्क मप्र के गांवों, कस्बों और नगरों के साथ कृषि क्षेत्रों के साथ ही औद्योगिक केंद्रों को एकसूत्र में पिरोने का काम कर रहा है। पिछले 14 महीनों की बात करें तो इस अवधि के दौरान 6,400 करोड़ रुपये की लागत से करीब 5,500 किमी की लंबी सड़कों का निर्माण और मजबूतीकरण किया गया। 345 करोड़ रुपये की लागत से 1,500 किमी का डामरीकरण और 2 हजार करोड़ रुपये से 110 पुलों और एलिवेटेड कॉरिडोर का प्रदेश में निर्माण किया गया है। मौजूदा दौर में 22,500 करोड़ रुपये लागत की 10 हजार किमी सड़कों और 10 हजार 463 करोड़ रुपये से 474 पुलों और फ्लाईओवरों पर काम तेजी से प्रगति पर है।

### जबलपुर, भोपाल एवं इंदौर में एलिवेटेड कॉरिडोर

मप्र सरकार की ओर से भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर जैसे प्रमुख शहरों में एलिवेटेड कॉरिडोर निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। साथ ही नर्मदा प्रगतिपथ के साथ ही विंध्य एक्सप्रेस-वे, मालवा और निमाड़ कॉरिडोर के साथ अटल प्रगतिपथ ही नहीं बुंदेलखंड और मध्य भारत विकास पथ जैसी आधा दर्जल प्रमुख परियोजनाओं को प्रारंभ किया गया है। यह सड़कें मप्र के दूरस्थ अंचलों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ेंगी। मप्र में करीब सभी राष्ट्रीय राजमार्ग को फोर लेन में बदला जा रहा है। इस योजना के तहत अब तक चार हजार 740 किमी लंबी सड़कों को फोर लेन में बदल दिया गया है। बाकी बची करीब 3,050 किलोमीटर नेशनल हाईवे को भी फोरलेन करने का काम तेजी से जारी है। प्रदेश के इन्फ्रास्ट्रक्चर को सरकर मजबूत करने में जुटी है। सड़कों का उन्नयन और चौड़ीकरण हो रहा है। पुल और फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है। नई कार्ययोजना में लोक निर्माण विभाग ने प्रदेश में 10 हजार करोड़ से अधिक की लागत से 474 पुल और फ्लाईओवर निर्माण का काम शुरू कर दिया है। ग्वालियर, जबलपुर, भोपाल और इंदौर जैसे प्रमुख शहरों में एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण किया जाना है। इसके लिए भी लोक निर्माण विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश में छह साल में 234 पुल और फ्लाईओवर बनकर तैयार हो चुके हैं। पिछले साल 42 पुल बने हैं। हालांकि लक्ष्य 75 पुल और फ्लाई ओवर बनाने का था। प्रदेश की सड़कों के उन्नयन और चौड़ीकरण काम मप्र सड़क विकास निगम द्वारा किया जा रहा है।

### ये काम प्रगति पर

निगम द्वारा निजी पूंजी निवेश, सामान्य कॉन्ट्रैक्ट योजना, एडीबी, एनडीबी के वित्त पोषण और हाईब्रिड एन्यूटी मॉडल के तहत सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। मप्र में राष्ट्रीय राजमार्गों के संधारण, नवीनीकरण मजबूतीकरण तथा चौड़ीकरण का काम लोक निमाण विभाग के राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, प्रदेश सड़क विकास निगम द्वारा किए जा रहे हैं। वर्तमान में मप्र में 9315 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग हैं। 9315 किलोमीटर के राष्ट्रीय राजमार्ग में से वर्तमान में 4539 किमी लंबाई के लोक निर्माण विभाग के अधीन हैं। 4777 किमी के राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधीन हैं। प्रदेश में 475 सेतु के काम स्वीकृत हो चुके हैं। इनमें 116 आरओबी, 8 फ्लाई ओवर ब्रिज और 351 बड़े पुल शामिल हैं। स्वीकृत कार्यों की लागत 10466 करोड है। इन कार्यों पर मार्च 2024 तक 1654 करोड खर्च हो चुके हैं।

### जिले और गांवों की 1711 सड़कों का निर्माण

नाबार्ड योजना के तहत जिले और गांवों की 1711 सड़कों का निर्माण किया जाना है। इसके लिए 4559.88 करोड एवं 425 पुल निर्माण के लिए 1157.97 करोड़ का ऋण स्वीकृत किया गया है। योजनांतर्गत 18742.02 किलोमीटर सडक़ों का निर्माण किया जाना है। विभिन्न चरणों में स्वीकृत कार्यों में से 1628 सडक़ कार्य एवं 407 पुल के काम हो चुके हैं। इसके अलावा विभाग ने 6309.03 करोड़ के प्रतिपूर्ति दावे नाबार्ड को प्रस्तुत किए गए हैं, जिनके विरुद्ध 4976.85 करोड़ की राशि नाबार्ड द्वारा प्रतिपूर्ति भी कर दी गई है। जिला योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-2025 में 5794.65 करोड़ आवंटन के विरुद्ध 3429 करोड़ का व्यय किया जा चुका है। केंद्रीय सडक़ निधि से प्रदेश की सडक़ों का निर्माण हो रहा है। इसके तहत वर्ष 2000-2001 से वर्ष 2024-25 तक 8437 किमी लंबाई की सडक़ो का निर्माण और उन्नयन किया जा रहा है। इसके लिए 12056.15 करोड़ की स्वीकृति मिली है। स्वीकृत कार्यों में से 358 काम पूरे भी हो चुके है। इन सड़कों के निर्माण में 7953.69 करोड़ का व्यय किया गया है। शेष 55 कार्यों में से 3 कार्य लंबाई 71.60 किमी लागत 171.72 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति निरस्त हो चुकी है। इससे ये निर्माण कार्य फिलहाल लंबित है।

# 10वीं-12वीं की दोबारा परीक्षा 17 जून से... फेल विद्यार्थियों को मिलेगा मार्गदर्शन

## अंकसूची आने में लगेगा समय, कॉपियां देखने के लिए रिटोटलिंग का आवेदन अनिवार्य

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से बोर्ड की 10वीं-12वीं कक्षा का परिणाम तो समय पर जारी हो गया। अब असफल विद्यार्थियों के लिए सवा महीने बाद दोबारा परीक्षा आयोजित की जाएगी। स्कूल स्तर पर परीक्षा की तैयारी में विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन भी अनिवार्य किया गया है, ताकि विद्यार्थी को असमंजस नहीं रहे और परीक्षा में सफल हो पाए। बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम जारी हो चुका है। विद्यार्थियों को मुख्य अंकसूची का इंतजार अभी बना हुआ है। फिलहाल उन्हें ऑनलाइन अंक सूचित मिली है, लेकिन विद्यार्थियों को मुख्य अंकसूची के लिए अभी तीन से चार सप्ताह का इंतजार करना होगा। ऐसे विद्यार्थी जो परिणाम से असंतुष्ट हैं और अपनी उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन या रिपोर्टिंग करना चाहते हैं, उन्हें आवेदन करना होगा। इसके बाद ही वह उत्तरपुस्तिका देखने की पात्रता रखेंगे, वहीं श्रेणी सुधार और असफल विद्यार्थी 17 जून से होने वाली बोर्ड की दोबारा परीक्षा में सहभागिता कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें 21 मई तक आवेदन करना अनिवार्य किया गया है। मुख्य परीक्षा और दोबारा परीक्षा दोनों की अंकसूची अलग-अलग प्रकार से डिजाइन होगी, इसलिए अभी अंकसूची के लिए विद्यार्थियों को थोड़ा धैर्य रखना होगा।

### गर्मियों की छुट्टियां... मार्गदर्शन का फरमा

स्कूलों में गर्मियों की छुट्टियां चल रही है। विद्यार्थी व शिक्षक दोनों ही ग्रीष्मकालीन अवकाश का आनंद ले रहे हैं। ऐसे में बोर्ड परीक्षाओं में महत्वपूर्ण विद्यार्थियों को स्कूल स्तर पर मार्गदर्शन के लिए निर्देश जारी हुए हैं। हालांकि अभी आदेश सभी प्राचार्य को प्राप्त नहीं हुए हैं, लेकिन जल्द ही इन तक पहुंच जाएंगे। प्राचार्य शिक्षक इसलिए असमंजस में नजर आ रहे हैं कि फिलहाल तो छुट्टियां चल रही है ऐसे में कक्षाएं लगाना संभव नहीं है। संभवतः 1 जून से शिक्षक स्कूलों की ओर लौट रहे हैं। इसी दौरान विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को कक्षाएं लगाने की संभावना हो सकती है। एक विकल्प और तलाशा जा रहा है, जिसमें ब्लॉक स्तर पर एक स्कूल का चयन कर वहां पर असफल विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया जा सके।

### शिक्षकों को ट्रांसफर सूची का इंतेजार

मध्यप्रदेश में मई में तबादलों का दौर तो शुरू हुआ है, लेकिन शिक्षा विभाग में अभी शिक्षकों को ट्रांसफर का इंतजार बना हुआ है। वर्षों से शहरी क्षेत्र में जमे शिक्षक जोड़-तोड़ के लिए स्थानीय मंत्री और भोपाल के अधिकारियों के चक्कर लगा रहे है, वहीं ज्यादातर शिक्षक गर्मियों की छुट्टियां मनाने बाहर जा चुके है।

# संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र में बढ़ाई गई सुरक्षा

## अनावश्यक व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित

**भोपाल।** उमरिया जिले के बिरसिंहपुर पाली स्थित संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा कदम उठाया गया है। भारत-पाकिस्तान के बीच उत्पन्न तनावपूर्ण हालातों के मद्देनजर विद्युत केंद्र की सीमा में अनावश्यक व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्ण रूप से रोक लगा दी गई है। सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासन ने यह निर्णय एहतियातन तौर पर लिया है ताकि किसी भी संभावित खतरे से केंद्र की सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके।

केंद्र के मुख्य अभियंता के. त्रिपाठी ने बताया कि जबलपुर से प्राप्त उच्चस्तरीय निर्देशों के तहत यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश की सुरक्षा स्थिति को देखते हुए संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। ऐसे में केंद्र की कालोनी सहित पूरे परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक कड़ा कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब केवल आवश्यक और प्राधिकृत व्यक्तियों को ही केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके साथ ही सभी कर्मचारियों और निवासियों से अनुरोध किया गया है कि वे सुरक्षा कर्मियों द्वारा की जा रही जांच प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग करें। परिसर के अंदर और बाहर के क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है तथा समय-समय पर औचक निरीक्षण भी किए जा रहे हैं।

मुख्य अभियंता ने यह भी कहा कि यह कदम केवल वर्तमान सुरक्षा परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है और यह अस्थायी व्यवस्था है, जो स्थिति सामान्य होने पर समीक्षा के उपरांत समाप्त की जा सकती है। विद्युत केंद्र प्रशासन ने स्थानीय नागरिकों और कर्मचारियों से संयम बरतने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में संयम और जागरूकता ही सबसे बड़ा हथियार है और सभी को मिलकर इस चुनौतीपूर्ण समय में सहयोग करना चाहिए। यह कदम संजय गांधी ताप विद्युत केंद्र की संरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति प्रशासन की सजगता और प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

# बिजली विभाग में खुलेगा नौकरी का पिटारा

## बिजली कंपनियों में 20 हजार पदों पर होगी भर्ती

**भोपाल।** बिजली विभाग में अधिकारियों-कर्मचारियों की कमी का खामियाजा तीनों बिजली कंपनियों के साथ ही उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। इसको देखते हुए सरकार ने बिजली विभाग में नई भर्तियां करने का निर्णय लिया है। मप्र की मध्य, पूर्व व पश्चिम क्षेत्र बिजली वितरण कंपनियों को 20 हजार से अधिक नए पद मिलेंगे। ऊर्जा विभाग ने इसका खांका खींच लिया है। इंतजार है तो बस कैबिनेट से मंजूरी मिलने का। इसके बाद इन पदों पर भर्तियां शुरू होंगी। इसका सीधा फायदा 1.80 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं को होगा। इन अधिकारी, कर्मचारी की भर्तियां होने के बाद बिजली कटौती व बिलों में गड़बड़ी जैसी शिकायतों की सुनवाई में तेजी आएगी।

गौरतलब है कि कंपनियों को ये पद करीब 40 साल बाद मिलने जा रहे हैं, जो युवाओं को रोजगार देने में भी मदद करेंगे। प्रदेश में अभी 100 यूनिट में से करीब 27 यूनिट बिजली चोरी हो जाती है। इसी में कुछ यूनिट बिजली तकनीकी लॉस में बर्बाद हो रही है। जिसकी कई वजहों में से एक मैदान में पर्याप्त सक्षम और नियमित अधिकारी, कर्मचारियों का नहीं होना भी है। वर्तमान में प्रदेश की बिजली व्यवस्था 3 कंपनियां संभाल रही हैं। इनमें करीब 1.80 करोड़ बिजली उपभोक्ता है, इनमें से 1.25 करोड़ घरेलू उपभोक्ता हैं। कंपनियों को हर महीने करीब 5 हजार करोड़ का राजस्व मिलता है, जिसमें 3 हजार करोड़ आम उपभोक्ता देते हैं और 2 हजार करोड़ रुपए सरकार की सब्सिडी होती है। विशेषज्ञों का कहना है कि इन उपभोक्ताओं की कई समस्याएं और काम होते हैं, जो कम से कम समय में पूरे नहीं होते।

### नए ओएस सेटअप का खींचा खांका

सूत्रों के मुताबिक यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संज्ञान में आई तो उन्होंने कहा कि जब उपभोक्ता बढ़ रहे हैं तो अधिकारी, कर्मचारियों की संख्या भी उसी अनुपात में बढ़नी चाहिए, इसमें कोई आपत्ति नहीं है। इसके बाद ही ऊर्जा विभाग ने नए ओएस सेटअप का खांका खींचा है। प्रदेश में 1956 से मप्र विद्युत मंडल बिजली वितरण से जुड़े काम देख रहा था। 2000 में जब छत्तीसगढ़ अलग हुआ तो राज्य विद्युत मंडल अस्तित्व में आया। क्षेत्रफल की दृष्टि से बिजली आपूर्ति व्यवस्था के लिए तत्कालीन सरकार ने जून 2002 में बिजली कंपनियों का गठन किया और जुलाई 2005 में इन कंपनियों ने पूरी तरह काम संभाला। तब ऑर्गनाइजेशन स्ट्रक्चर (ओएस) बने और उसी में स्वीकृत पद पहले दोनों प्रदेशों में फिर मप्र की बिजली कंपनियों में विभाजित किए गए। बिजली कर्मियों को भविष्य निधि खाते की बकाया राशि ब्याज के साथ मिलेगी। यह ब्याज दरें तय कर दी हैं। मध्यप्रदेश विद्युत मंडल कर्मचारी भविष्य निधि न्यास के वित्तीय वर्ष 2024-25 में सेवारत, दिवंगत व सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों के भविष्य निधि खाते की शेष राशि पर 9.50 प्रतिशत और वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर से भुगतान किया जाएगा। यह निर्णय न्यास की 91वीं बैठक में लिया गया।

### सुविधाएं बढ़ेंगी, इन कामों में आएगी तेजी

बिजली विभाग में अधिकारियों-कर्मचारियों की भर्ती के बाद सुविधाएं बढ़ेंगी और कामों में तेजी आएगी। केंद्र व राज्य की योजनाएं कम से कम समय में जमीन पर उतारी जा सकेंगी। मीटर व ट्रांसफार्मर के नए कनेक्शन लेने में लगने वाला समय और कम हो जाएगा। करोड़ों रुपए की वसूली संबंधी प्रकरणों के निपटारे में आसानी होगी। शहर की नई बसाहट, ग्रामीण क्षेत्रों के टोले-मजरे में बिजली पहुंचाने में कम समय लगेगा। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का कहना है कि उपभोक्ताओं की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए सीएम ने नए ओएस लागू करने की मंशा जताई थी। नए ओएस के तहत 2 हजार से अधिक नए पद स्वीकृत कर चुके हैं। अब वितरण कंपनियों के लिए नया ओएस तैयार कर रहे हैं।

# ईको सेंसिटिव जोन के संबंध में मॉनिटरिंग समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

## पन्ना टाइगर रिजर्व एवं गंगऊ अभयारण्य क्षेत्र में नहीं लगेंगे नए उद्योग

**भोपाल।** पन्ना टाइगर रिजर्व के इको सेंसिटिव जोन में आने वाले पन्ना, छतरपुर और दमोह जिलों के 67 गांवों का जोनल मास्टर प्लान तैयार होगा। यह काम एक साल में पूरा किया जाएगा। टाइगर रिजर्व इको सेंसिटिव जोन घोषित होने के 11 माह बाद हुई पहली बैठक में यह तय किया गया है कि प्रस्तावित जोन में लैंड यूज एरिया की स्थिति स्पष्ट की जाए। इसमें सभी प्रकार की व्यवसायिक खनन गतिविधियों पर प्रतिबंध सहित नए उद्योग स्थापना पर भी रोक शामिल रहेगी। नेशनल पार्क के एक किमी के दायरे में ही होटल और रिसोर्ट संचालित होंगे।

टाइगर रिजर्व को इको सेंसिटिव जोन घोषित करने की कार्यवाही 5 जून 2024 को हुई थी। इसके बाद संभागायुक्त सागर की अध्यक्षता में पहली बैठक में मंडला के कर्णावती व्याख्या केन्द्र में पन्ना टाइगर रिजर्व एवं गंगऊ अभ्यारण्य क्षेत्र में प्रस्तावित ईको सेंसिटिव जोन के संबंध में मॉनिटरिंग समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति के अध्यक्ष और संभागायुक्त सहित पन्ना, छतरपुर कलेक्टर, क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व मौजूद रहे। बैठक में कहा गया कि कार्य योजना के अनुसार ईएसजेड के लिए कार्यवाही की जाएगी। इसमें पन्ना, छतरपुर और दमोह जिले के 67 गांवों को शामिल किया गया है। इसके लिए संबंधित क्षेत्र के तहसीलवार तैयार मैप के मुताबिक भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा तैयार करेंगे और 2026 तक जोनल मास्टर प्लान तैयार करने का काम पूरा करेंगे। इस दौरान प्रस्तावित जोन में लैंड यूज एरिया पर भी चर्चा की गई।

### सेंसिटिव जोन में 3 उपायों पर काम होगा

सेंसिटिव जोन में तीन तरह के उपाय किए जाना हैं, इसमें पूर्णतः प्रतिबंधित, नियंत्रित और बढ़ावा देने वाली अलग-अलग गतिविधियां शामिल हैं। यहां ध्वनि और वायु प्रदूषण सहित अन्य प्रतिबंधित गतिविधियों के लिए जारी नियमों का पालन करना आवश्यक है। जोन में सभी प्रकार की ईको फ्रेंडली गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जिसमें रेन वाटर हॉर्वेस्टिंग, स्किल डेवलपमेंट और पौधारोपण जैसी गतिविधियां शामिल हैं। यहां जन जागरूकता गतिविधियों, जोनल मास्टर प्लान की जरूरत और प्रस्तावित जरूरी कार्यों के लिए समिति बनाने और विशेषज्ञों की नियुक्ति की जानकारी भी बैठक में दी गई। इसमें केन बेतवा परियोजना के अभियंता द्वारा बांध एवं नहर के अलग-अलग निर्माण कार्यों के दौरान कुछ मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट कराया गया, जिस पर प्रस्तावित जोन में एसओपी का पालन कर इन्फ्रास्ट्रक्चर, डेवलपमेंट और अन्य गतिविधियों के संचालन पर सहमति बनी।

संपादकीय

# भारत का पाकिस्तान को तगड़ा जवाब

## 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 भारतीय नागरिकों की मौत हुई थी। घटना के 13 दिन बाद भारतीय सेना ने 13वीं के दिन एयर स्ट्राइक ऑपरेशन सिंदूर करके, 9 आतंकी ठिकानों के ऊपर एयर स्ट्राइक की है। भारतीय सीमा से यह हमले किए गए हैं। पाकिस्तान के बहावलपुर से लेकर पाक अधिकृत कश्मीर के कोटली तक फैले 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने में भारतीय सेना को बड़ी सफलता मिली है। भारतीय सेना की कार्रवाई से पाकिस्तान में भय और अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। भारतीय सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर के आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत लक्ष्य पर निशाना साधकर, मिसाइल से हमले किए हैं। इस हमले से आतंकियों को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। तीनों भारतीय सेनाओं ने मिलकर हमले की रणनीति तैयार की थी। आतंकी ठिकानों पर हमला करने से पहले सेना ने सारी जानकारी एकत्रित की। उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर को मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे अंजाम दिया गया। इसमें आतंकी ठिकानों को भारी नुकसान हुआ है। दो दर्जन से अधिक आतंकियों के मारे जाने की संभावना व्यक्त की गई है। भारतीय सेना ने अभी पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर हमला नहीं किया गया है। भारत ने आतंकवादियों को लक्ष्य करके मिसाइल के माध्यम से आतंकी ठिकानों को नष्ट करने की रणनीति अपनाई है। भारत सरकार और भारतीय सेना ने बड़े संयम का परिचय देते हुए यह कार्रवाई की है। आतंकी पाक अधिकृत कश्मीर के मुजफ्फराबाद की एक मस्जिद को ठिकाना बनाये हुए थे। इसमें बड़ी संख्या में आतंकी रह रहे थे। यहीं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे थे। पाकिस्तान की सेना ने तीन ठिकानों पर मिसाइल से हमले की पुष्टि की है। लश्कर-ए-तोयबा के ठिकानों पर भारतीय सेना ने प्रमुख रूप से लक्ष्य साधा है। भारत के निशाने पर पंजाब प्रांत का बहावलपुर स्थित जैस-ए-मोहम्मद का ठिकाना भी था। यहां के मदरसे में बड़ी संख्या में आतंकी होने की सूचना भारतीय सेना के पास थी। भारतीय सेना की इस कार्रवाई से पाकिस्तान में दहशत का माहौल बन गया है। पाकिस्तान ने सभी इंटरनेशनल एयरलाइंस और घरेलू हवाई सेवाओं को बंद कर दिया है। पाकिस्तान ने सभी उड़ानों को कराची की ओर मोड़ दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित युद्ध को लेकर विश्व के देशों में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ था। कई देशों की सरकारों के साथ भारत सरकार संपर्क में थी। भारत सरकार और भारतीय सेना पर आम जनता का दबाव था। पहलगाम में हुई घटना के 12 दिन हो चुके थे। कोई कार्रवाई भारत सरकार द्वारा नहीं की गई थी। विपक्षी दल और आम जनता सरकार के ऊपर दबाव बना रहे थे। पाकिस्तान के ऊपर बड़ा हमला कर आतंकी घटना का जवाब दिया जाए। अंतर्राष्ट्रीय प्रतिक्रिया को देखते हुए सरकार और भारतीय सेना ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा का उल्लंघन किए बिना मिसाइल के जरिए भारतीय विमानो से आतंकी ठिकानों पर हमला किया। हमले में बड़ी संख्या में आतंकियों को मारने की जो रणनीति सेना ने बनाई थी, उसमें सेना का ऑपरेशन सिन्दूर बड़ा सफल माना जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह है, कि भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय सोच के अनुसार कार्यवाही करते हुए पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया है। पाकिस्तान ने यदि इस हमले का जवाब देने की कोशिश की तो ऐसी स्थिति में भारतीय सेना खुली जंग के लिए तैयार है। भारतीय सेना ने पूरी तैयारी कर रखी है। पाकिस्तान की तरफ से यदि हमला किया गया तो भारत सरकार बड़े पैमाने पर पाकिस्तान पर हमला करेगी। यह हमला 1971 जैसा ही होगा। भारतीय सेना ने बुधवार को सुबह पत्रकार वार्ता करके ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। भारतीय सेना पूरे उत्साह में है। भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मत का सम्मान करते हुए पाकिस्तान के सैनिक ठिकानों पर हमला करने के स्थान पर, भारतीय सेना ने लश्कर के 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया। आतंकियों के ठिकानों को नष्ट करने के साथ ही आतंकियों को मौत के घाट उतारने में सफलता अर्जित की है। सैकड़ों आतंकियों की मौत और घायल होने का सेना ने दावा किया है। पाकिस्तान की सेना ने भी इसकी पुष्टि की है। आतंकी सरगना मसूद अजहर के परिवार के 10 से अधिक लोगों के मारे जाने की सूचना है। पाकिस्तान जिस हालात से गुजर रहा है उसको देखते हुए संभावना व्यक्त की जा रही है, कि पाकिस्तान की सरकार भारत के साथ बातचीत करेगी। आतंकियों और आतंकी ठिकानों को लेकर पाकिस्तान की सरकार, ऐसी स्थिति निर्मित करेगी, जिससे भारत सरकार को भरोसा हो। पाकिस्तान के आतंकियों पर पाकिस्तान सरकार कार्रवाई करे। भविष्य में आतंकियों को पाकिस्तान की सेना या पाकिस्तान सरकार कोई संरक्षण नहीं दे। इस तरह का दबाव पाकिस्तान के ऊपर बन गया है। देर से ही सही 13वें दिन भारतीय सेना ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला करके, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का ठोस बदला ले लिया है। इस कार्यवाही से भारतीय जनमानस को राहत मिली है। वर्तमान परिस्थितियों में केंद्र सरकार और सेना द्वारा वैश्विक स्थितियों को देखते हुए जिस तरह से कार्रवाई की गई है, निश्चित रूप से यह भारत के हित में है। अब पाकिस्तान के ऊपर निर्भर करता है, कि जवाबी कार्रवाई करने के स्थान पर वह आतंक के खिलाफ भारत के साथ बातचीत करके अपने संबंधों को बेहतर बनाने की दिशा में आगे बढ़े। भारत के सिंदूर ऑपरेशन से पाकिस्तान की सेना और सरकार पर यह दबाव बन गया है, वह किस तरह से प्रतिक्रिया देकर अपनी स्थिति को मजबूत बनाए।

- सनत जैन

# पाक आतंकी ठिकानों पर भारतीय वायुसेना की सफ़ल कार्रवाई



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ की निगाहें भारत पर टिकी हुई थी कि पहलगाम में मारे गए 26 सैलानियों का जवाब दोषियों उनके आकाओं योजनाकारो सहयोगियों को किस तरह देगा, क्योंकि भारत की रणनीतिक तैयारी घटना के दिन से ही शुरू हो गई थी। रणनीतिक रूप से मीटिंगों का दौरा,अंतर्राष्ट्रीय देशों से सलाह मशविरा फिर 7 मई 2025 को पूरे भारत के 244 जिलों में सिविल डिफेंस मॉकड्रिल को आयोजित किया गया था, परंतु उसके कुछ घंटे के पूर्व ही रात्रि करीब 1.44 ए.एम पर पाकिस्तान पर भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सफल टारगेटेड सर्जिकल स्ट्राइक कर 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया, यह हमला बहावलपुर कोटली और मुजफ्फराबाद में किया गया है, जिसमें सभी आतंकी कैंप तबाह हो गए हैं। कार्रवाई को सफलता से अंजाम दिया गया, इसके पश्चात रात्रि में ही एक्सः पोस्ट पर सभी संदेश आना शुरू हो गए मैंने सुबह 6 बजे तक लगातार मीडिया चैनलों पर नज़र गाड़ाए रखा था तो सुबह 2.46 बजे राजनाथ सिंह का एक्सः पर पोस्ट आया भारत माता की जय,वहीं कांग्रेस नेता प्रियंका चतुर्वेदी का का 3 बजे के बाद पोस्ट आया माथे का सिंदूर मिटने वालों को उसका जवाब देकर रहेंगे, जय जवान! जयहिंदुस्तान! जय हिंद ! इसी प्रकार तेजस्वी यादव, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,आदित्य ठाकरे इत्यादि के सुबह 4 बजे के आसपास बयान आना शुरू हो गए। मेरा मानना है कि इस सर्जिकल स्ट्राइक का नाम ऑपरेशन सिंदूर इसलिए रखा गया होगा, क्योंकि पहलगाम में अनेकों भारतीय बेटियां अपना हनीमून मनाने गई थी जिनकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे, उनका सिंदूर उजड़ गया था उनसे जात धर्म पूछकर उनके पतियों को मार



गिराया गया था, इसलिए इस ऑपरेशन के जरिए उन बेटियों को इंसाफ देने की थोड़ी सी कोशिश की गई है यानी यूं कहें कि यह तो केवल टेलर है अब खेला तो शुरू होगा। चूंकि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में घुसकर ऑपरेशन सिंदूर के तहत 9 आतंकी ठिकानों पर सफ़ल टारगेटेड कार्रवाई कर उन्हें ध्वस्त कर दिया है, जिससे भारत नें आतंकवाद के खिलाफ़ अपनी लड़ाई को नया आयाम दिया है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर से घर में घुसकर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोगसे इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,ऑपरेशन सिंदूर- भारत ने पाकिस्तान में घुसकर 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर ध्वस्त किया, सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के कुछ घंटे पूर्व की कार्रवाई हुई।

साथियों बात अगर हम दिनांक 7 मई 2025 को अर्ली मॉर्निंग सिविल डिफेंस मॉकड्रिल के कुछ घंटे पहले पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल एयर स्ट्राइक की करें तो, भारत ने पाकिस्तान पर की एयर स्ट्राइक,9 आतंकी ठिकानों पर किया हमला।भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को एक नया आयाम देते हुए ऑपरेशन सिंदूर को लॉन्च किया है। इस ऑपरेशन में भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर टारगेटेड स्ट्राइक की है। यह कार्रवाई 6 मई 2025 की देर रात डेढ़ बजे के आसपास अंजाम दी गई। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को एक नया आयाम देते हुए ऑपरेशन सिंदूर को लॉन्च किया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, भारतीय वायु सेना ने अत्यन्त सटीक और सावधानीपूर्वक इन ठिकानों को निशाना बनाया है।पीआईबी ने जानकारी दी है कि ऑपरेशन सिंदूर की प्लानिंग को बहुत ही रणनीतिक रूप से तैयार किया गया ताकि आतंकवादियों की गतिविधियों को करारा जवाब दिया जा सके, इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान की सैन्य सुविधाओं को नहीं छुआ गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि कार्रवाई का असल मकसद आतंक को खत्म करना है,न कि पड़ोसी मुल्क के साथ संघर्ष को बढ़ाना, वायु सेना की तरफ से ये स्ट्राइक भारत के कमोबेश 300 लोकेशन पर होने वाले मॉक ड्रिल से कुछ घंटे पहले किया गया है। पीआईबी के मुताबिक, ये कदम पहलगाम में हुए बर्बर आतंक वादी हमले के बाद उठाए गए हैं, जिसमें 26 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी। भारत अपनी इस प्रतिबद्धता पर खरा उतरा है कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

पीआईबी ने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आगे की जानकारी जल्द ही दी जाएगी। भारतीय सेना ने जम्मू और कश्मीर स्थित पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला ले लिया है सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर स्थित मुजफ्फराबाद में भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की। साथियों बात अगर हम रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान की करें तो,भारतीय सशस्त्र बलोंने पाकिस्तान व पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जहाँ से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई।

# आपदा के समय भरोसेमंद दोस्त 'रेडक्रॉस'

**विश्व रेडक्रॉस दिवस 8 मई पर विशेष**



योगेश कुमार गोयल

रेडक्रॉस की स्थापना महान् मानवता प्रेमी जीन हेनरी डयूनेंट द्वारा की गई थी, इसीलिए उनके जन्मदिन के अवसर पर प्रतिवर्ष विश्वभर में 8 मई का दिन 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस दिवस' के रूप में मनाया जाता है और संस्था की गतिविधियों से आम आदमी को अवगत कराने के प्रयास किए जाते हैं। रेडक्रॉस की स्थापना वर्ष 1863 में हुई थी और अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी दुनिया के सभी देशों में रेडक्रॉस आन्दोलन का प्रसार करने के साथ-साथ रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांतों के संरक्षक के रूप में भी कार्य कर रही है। 8 मई 1828 को जन्मे डयूनेंट 1859 में हुई सालफिरोनो (इटली) की लड़ाई में घायल सैनिकों की दुर्दशा देख बहुत आहत हुए थे क्योंकि युद्धभूमि में पड़े इन घायल सैनिकों के उपचार के लिए कोई चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध नहीं थी। युद्ध मैदान में घायल पड़े इन्हीं सैनिकों के दर्दनाक हालातों पर अपने कड़वे अनुभवों के आधार पर उन्होंने 'मेमोरी और सालफिरोनो' नामक एक पुस्तक भी लिखी और 1863 में रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति 'आईसीआरआई' का गठन किया।

डयूनेंट के सतत प्रयासों की बदौलत ही 1864 में जेनेवा समझौते के तहत 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस मूवमेंट' की स्थापना हुई। डयूनेंट ने इटली में युद्ध के दौरान रक्तपात का ऐसा भयानक मंजर देखा था, जब चिकित्सकीय सहायता के अभाव में युद्धक्षेत्र में अनेक घायल सैनिक हृदयविदारक कष्टों से तड़प रहे थे। ऐसे घायलों की सहायता के लिए उन्होंने स्थायी समितियों के निर्माण की आवश्यकता को लेकर आवाज बुलंद की, जिसका असर भी दिखा। युद्ध में आहतों की स्थिति के सुधार के साधनों का अध्ययन करने के लिए उसके बाद एक आयोग का गठन किया गया। 1863 में जेनेवा में एक अंतर्राष्ट्रीय बैठक में रेडक्रॉस के आधारभूत सिद्धांत निर्धारित किए गए तथा रेडक्रॉस आन्दोलन का विकास करते हुए आहत सैनिकों और युद्ध पीड़ितों की सहायता संगठित करने हेतु दुनियाभर के सभी देशों में राष्ट्रीय समितियां बनाने पर जोर दिया गया। नेपोलियन तृतीय के हस्तक्षेप के चलते अंतर्राष्ट्रीय समिति 'स्विस फेडरल काउंसिल' को 8 अगस्त 1864 को जेनेवा में सम्मेलन बुलाने के लिए राजी करने में सफल हुई, जिसमें 26 देशों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस सम्मेलन के चलते जेनेवा अधिवेशन हुआ, जिसमें सुरक्षा के प्रतीक रेडक्रॉस वाले सफेद झंडे पर स्वीकृति की मोहर लगाई गई, जो आज समस्त विश्व में रेडक्रॉस का प्रतीक चिन्ह बना हुआ है। शुरूआती दौर में रेडक्रॉस की भूमिका युद्ध के दौरान बीमार और घायल सैनिकों, युद्ध करने वालों और युद्धबंदियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना तथा उन्हें उचित उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने तक ही सीमित थी किन्तु अब इस संस्था के दायित्वों का दायरा लगातार विस्तृत होता जा रहा है। मानवीय सेवा को समर्पित रेडक्रॉस ने प्रथम तथा द्वितीय विश्वयुद्ध में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अनेक घायल सैनिकों तथा नागरिकों की सहायता कर अनुकरणीय उदाहरण पेश किया था। दुनिया के किसी भी भाग में जब भूकम्प, बाढ़, भू-स्खलन या अन्य किसी भी प्रकार की प्राकृतिक अथवा मानवीय आपदा सामने आती है तो सबसे पहले 'अंतर्राष्ट्रीय रेडक्रॉस सोसायटी' की टीमें वहां पहुंचकर राहत कार्यों में जुट जाती हैं।

सुविचार

यदि तुम्हारे हृदय के तार मुझसे जुड़ गए हैं तो अनंतकाल तक आवाज़ देता रहूँगा। - आचार्य रजनीश

नर हो न निराश करो मन को। कुछ काम करो, कुछ काम करो। जग में रहकर कुछ नाम करो?

- मैथिलीशरण गुप्त

प्रसंग

## कंगन का दान

संस्कृत के कवियों में माघ का श्रेष्ठ स्थान है। वह साधन-संपन्न तो थे ही, दान देने में भी अग्रणी थे। लोगों को विश्वास था कि उनके घर से कोई भी जरूरतमंद कभी खाली हाथ नहीं लौटता। दान देते-देते एक अवसर ऐसा भी आया कि जब वह खुद ही निर्धन हो गए। लेकिन मदद करने की उनकी भावना में कोई कमी नहीं आई। वह लोगों की सहायता के लिए पहले की तरह ही तत्पर रहते थे। एक रात किसी गरीब पुजारी ने उनका दरवाजा खटखटाया। माघ ने दरवाजा खोला तो पुजारी ने बाहर आने का निवेदन किया और कहा, मेरी बेटी की शादी है। कैसे विवाह कर पाऊंगा, इस बात की चिंता सताती रहती है। मैं आपसे कुछ सहायता मांगने आया हूं। कविवर ने सोचा कि इस समय न घर में धन है, न कोई ऐसी वस्तु जो याचक को दी जा सके। कुछ देर सोचने के बाद वह अपनी सोयी हुई पत्नी के पास गए और धीरे से उसका हाथ उठाकर उससे कंगन उतारा। पत्नी की नींद खुल गई, परंतु पति को सामने देखकर उसने आंखें बंद कर लीं। माघ ने बाहर आकर वह कंगन उस पुजारी को दे दिया और उसे वहां से जल्दी भाग जाने के लिए कहा। किंतु पत्नी ने दरवाजे की दरार से सब कुछ देख लिया कि उसके पतिदेव किसको वह कंगन दे रहे हैं। उस पुजारी ने माघ से कहा, इस सहयोग के लिए मैं आपका आभारी हूं पर एक कंगन मेरे लिए अपर्याप्त है। माघ ने कहा, अभी तुम एक ले जाओ, दूसरा मैं नहीं दे सकता। पत्नी ने तुरंत दूसरा कंगन उतारा और बाहर आकर कविवर को देते हुए कहा, मुझसे क्यों छुपा रहे थे। जरूरतमंदों की मदद के लिए ही तो हमारा जीवन है। इस व्यक्ति को दूसरे कंगन की भी आवश्यकता है।

जरा हटके

## वात और पित्त दोषों को संतुलित करने में सहायक होता है प्रियंगु

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** आयुर्वेद के प्रमुख ग्रंथों जैसे चरक संहिता, सुश्रुत संहिता, भावप्रकाश और धन्वंतरी निघण्टु में प्रियंगु का उल्लेख विभिन्न रोगों के उपचार हेतु किया गया है। इन ग्रंथों में इसके प्रयोग पेस्ट, काढ़ा, तेल, घी और आसव के रूप में बताए गए हैं। प्रियंगु पौधा विशेषतः भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में पाया जाता है, जो समुद्र तल से लगभग 1800 मीटर की ऊंचाई तक उगता है। इसका वैज्ञानिक नाम कैलिकारपा मैक्रोफिला वाहल है और इसे अंग्रेज़ी में ब्यूटी बेरी या सुगंधित चेरी कहा जाता है। यह पौधा संस्कृत में प्रियंगु, शुभा, वनिता जैसे नामों से जाना जाता है, जबकि विभिन्न भारतीय भाषाओं में इसके अलग-अलग नाम हैं। यह पौधा स्वाद में तीखा, कड़वा और मधुर होता है, और स्वभाव से शीतल, लघु व रूखा माना जाता है। यह वात और पित्त दोषों को संतुलित करने में सहायक होता है।

प्रियंगु का उपयोग त्वचा की रंगत निखारने, घाव भरने, उल्टी, जलन, पित्तजन्य बुखार, रक्तदोष, खुजली, मुंहासे, विष के प्रभाव और अत्यधिक प्यास जैसी समस्याओं में किया जाता है। इसके बीज और जड़ आमाशय की क्रियाओं को सक्रिय करते हैं और मूत्र संबंधित विकारों में लाभ पहुंचाते हैं। प्रियंगु, त्रिफला और नागरमोथा को मिलाकर बना चूर्ण दांतों से जुड़ी बीमारियों जैसे मसूड़ों की सूजन में उपयोगी होता है। पाचन संबंधी समस्याओं जैसे अजीर्ण, दस्त, पेट दर्द और पेचिश में इसके फूल और फल का चूर्ण कारगर है।

रक्तातिसार और पित्तातिसार में शल्लकी, तिनिश, सेमल, प्लक्ष छाल और प्रियंगु के मिश्रण को मधु और दूध के साथ लेने से राहत मिलती है। इसके अलावा, प्रियंगु की पत्तियों को पानी में भिगोकर उसका अर्क पीने से यूटीआई जैसी समस्याओं में लाभ होता है। कठिन प्रसव की स्थिति में इसकी जड़ का पेस्ट नाभि के नीचे लगाने से प्रसव में जटिलताएं कम होती हैं।

गठिया या आमवात की समस्या में इसके पत्ते, छाल, फूल और फल का लेप दर्द से राहत देता है। यह कुष्ठ और हर्पीज जैसे त्वचा रोगों में भी लाभकारी सिद्ध हुआ है। इसके अतिरिक्त, नाक और कान से रक्तस्राव होने पर प्रियंगु, लाल व नील कमल और पृश्निपर्णी से तैयार जल का सेवन प्रभावकारी माना गया है। बच्चों में उल्टी, पिपासा और अतिसार जैसी स्थितियों में प्रियंगु, सौवीराञ्जन और नागरमोथा के चूर्ण को मधु के साथ देना लाभप्रद होता है।

फोटो ऑफ द डे




यूक्रेन के खारकीव में रुसी हमले के बाद एक बाजार में बैठा एक सामान बेचने वाला। (फोटो-ईएमएस)

राज काज

## सीएजी विनोद राय भाजपा के एजेंट?

विनोद राय जब सीएजी थे। तब उन्होंने ऑडिट के दौरान कई काल्पनिक आरोप तत्कालीन सरकार पर लगाए थे। भारतीय जनता पार्टी ने उन आरोपों के आधार पर तत्कालीन मनमोहन सरकार को ए टू जेड घोटाले की सरकार बता दिया था। उस समय भाजपा के नेता एक ही जुमला लगाते थे। धरती, आकाश और पाताल तक घोटाले ही घोटाले,अब घोटालों का सच सामने आ रहा है। कॉमनवेल्थ घोटाला, कोयला घोटाला, 2G घोटाला और अन्य घोटाले के जो आरोप लगाए गए थे। न्यायालय से सारे आरोपी निर्दोष साबित होकर बाहर निकल आए। भाजपा सरकार किसी भी आरोप को न्यायालय में प्रमाणित नहीं कर पाई। न्यायालय से सब आरोपों में क्लीनचिट मिलती चली जा रही है। जब से मोदी सरकार सत्ता में आई है। उसके बाद से सीएजी कहां है। किसी को पता नहीं है। रामराज की सरकार पूरी तरह से ईमानदार है। अब आरोप की जांच भी नहीं होती है। नाही करवाई होती है। जिस सीढ़ी पर चढ़कर भाजपा केंद्र की सत्ता में काबिज हुई। सरकार बनने के बाद उस सीढ़ी को भाजपा ने हटा दिया है। ना रहेगा बांस न बजेगी बांसुरी। यही रामराज का सत्य है।

## वक्फ की याचिकाओं पर सुनवाई टली

केंद्र सरकार द्वारा वक्फ कानून मे जो संशोधन किया गया है। उसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाओं पर सुनवाई चल रही है। सोमवार को जैसे ही सुनवाई शुरू हुई। मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई को 15 मई तक के लिए टाल दिया। 14 मई को मुख्य न्यायाधीश सेवानिवृत हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले की सुनवाई लंबे समय तक चल सकती है। ऐसी स्थिति में नए मुख्य न्यायाधीश ही फैसला करेंगे। यह कहते हुए उन्होंने तारीख बढ़ा दी। तारीख पर तारीख के फैसले का सबसे ज्यादा फायदा केंद्र सरकार को होता है। वहीं जजों को भी राजनीति से जुड़े विवादित मामलों में तारीख बढाने से राहत मिलती है। यह खेल निरंतर चल रहा है। कई संवेदनशील महत्वपूर्ण मामलों में सुनवाई नहीं हो पा रही है। समय पर फैसला नहीं हो पा रहे हैं। भारत में भाग्य के सहारे जीने की सभी को आदत है। जिसके भाग्य में जो होगा। उसे घर बैठे मिल जाएगा। इस अवधारणा पर सभी लोग काम कर रहे हैं। भाग्य भरोसे बैठना सबसे अच्छा काम है। जब समय आएगा, तब अपने आप फैसला हो जाएगा।

व्यंग्य

# नेतृत्व की ताकत

शरद जोशी

नेता शब्द दो अक्षरों से बना है- 'ने' और 'ता'। इनमें एक भी अक्षर कम हो तो कोई नेता नहीं बन सकता। मगर हमारे शहर के एक नेता के साथ एक अजीब ट्रेजेडी हुई। वे बड़ी भागदौड़ में रहते थे। दिन गेस्ट हाउस में गुजारते रातें डाक बंगलों में। लंच अफसरों के सात लेते डिनर सेठों के साथ। इस बीच तो वक्त मिलता उसमें भाषण देते। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते। कभी कभी खुद संबोधित हो जाते। मतलब यह कि बड़े व्यस्त। 'ने' और 'ता' दो अक्षरों से मिलकर तो बने थे एक दिन यह हुआ कि उनका 'ता' खो गया सिर्फ 'ने' रह गया।

इतने बड़े नेता और 'ता' गायब। शुरू में तो उन्हें पता ही नहीं चला बाद में सेक्रेट्री ने बताया कि आपका 'ता' नहीं मिल रहा है। आप सिर्फ 'ने' से काम चला रहे हैं।

नेता बड़े परेशान। नेता का मतलब होता है नेतृत्व करने की ताकत। ताकत चली गई सिर्फ नेतृत्व रह गया। 'ता' के साथ ताकत गई। तालियाँ खत्म हो गईं जो 'ता' के कारण बजती थीं। ताजगी नहीं रही। नेता बहुत चीखे। मेरे खिलाफ यह हरकत विरोधी दलों ने की है। इसमें विदेशी शक्तियों का हाथ है। यह मेरी छवि धूमिल करने का प्रयत्न है। पर जिसका 'ता' चला जाए उस नेता की सुनता कौन है। सी आई डी लगाई गई। सी बी आई ने जाँच की। रौ की मदद ली गई। 'ता' नहीं मिला। नेता ने एक सेठ जी से कहा- यार हमारा 'ता' गायब है। अपने ताले में से 'ता' हमें दे दो। सेठ कुछ देर सोचता रहा फिर बोला- यह सच है कि ले की मुझे जरूरत रहती है क्यों कि दे का तो काम नहीं पड़ता मगर ताले का 'ता' चला जाए तो लेकर रखेंगे कहाँ। सब इनकमटैक्स वाले ले जाएँगे। तू नेता रहे कि न रहे मैं ताले का 'ता' तो तुझे नहीं दूँगा। 'ता' मेरे लिये बहुत जरूरी है। कभी तालाबंदी करनी पड़े तो ऐसे वक्त तू तो मजदूरों का साथ देगा मुझे 'ता' थोड़े देगा।

सेठ जी को नेता ने बहुत समझाया। जब तक नेता रहूँगा मेरा 'ता' आपके ताले का समर्थन और रक्षा करेगा। आप 'ता' मुझे दे दें। और फिर ले आपका। लेते रहिये मैं कुछ नहीं कहूँगा। सेठ जी नहीं माने। नेता क्रोध से उठकर चले आए।

विरोधी मजाक बनाने लगे। अखबारों में खबर उछली कि कई दिनों से नेता का 'ता' नहीं रहा। अगर ने भी चला गया तो यह कहीं का नहीं रहेगा। खुद नेता के दल के लोगों ने दिल्ली जाकर शिकायत की। आपने एक ऐसा नेता हमारे सिर पर थोप रखा है जिसके पास 'ता' नहीं है।

नेता दुखी था पर उसमें इतनी हिम्मत नहीं थी कि वह जनता में जाए और कबूल करे कि उसमें 'ता' नहीं है। यदि वह ऐसा करता तो जनता शायद अपना 'ता' उसे दे देती। पर उसे डर था कि जनता के सामने उसकी पोल खुल गई तो क्या होगा। एक दिन उसने अजीब काम किया। कमरा बंद कर जूते में से 'ता' निकाला और 'ने' से चिपकाकर फिर नेता बन गया। यद्यपि उसके व्यक्तित्व से दुर्गंध आ रही थी मगर वह खुश था कि चलो नेता तो हूँ। केन्द्र ने भी उसका समर्थन किया। पार्टी ने भी कहा- जो भी नेता है ठीक है। हम फिलहाल परिवर्तन के पक्ष में नहीं हैं।

चिंतन-मनन

## व्यापारी के बेटे

एक व्यापारी के दो पुत्र थे। मरने से पहले उसने अपनी संपत्ति दोनों बेटों में बराबर-बराबर बांट दी। एक पुत्र ने अपने व्यापार को काफी बढ़ाया। वह अत्यंत संपन्न होकर समाज के प्रतिष्ठत लोगों में गिना जाने लगा। जबकि दूसरे को व्यापार में घाटा हो गया और उसके परिवार को दो जून की रोटी जुटाने में भी अत्यंत तकलीफें उठानी पड़ीं। अपने भाई की तरक्की और अपनी दुर्दशा देखकर दूसरा भाई एक संत के आश्रम में पहुंचा और बोला, महाराज, मुझे लगता है कि ईश्वर केवल कल्पना है और यदि उसका अस्तित्व कहीं है भी तो वह पक्षपाती है।

क्या वह भी पक्षपात करता है? मैं और मेरे भाई दोनों एक ही पिता की संतान हैं। पिता ने दोनों को बराबर हिस्सा दिया। लेकिन वह लगातार तरक्की कर रहा है और मैं रसातल की ओर जा रहा हूं। भला ऐसा क्यों? उसकी बात सुनकर संत उसे अपने साथ एक बगीचे में ले गए और बोले, देखो, वहां एक कोने में गन्ना बोया हुआ है, दूसरे कोने में चिरायता है, एक ओर चमेली के फूल अपनी सुगंध बिखेर रहे हैं तो दूसरी ओर गुलाब के पौधों पर फूलों के साथ कांटे भी नजर आ रहे हैं। इनकी इस भिन्नता के लिए इन्हें पैदा करने वाली जमीन दोषी या पक्षपाती नहीं है। जैसा बीज बोया गया है वैसा ही फल मिला है। सुख-दुख और उन्नति-अवनति के लिए ईश्वर जिम्मेदार नहीं बल्कि स्वयं मनुष्य जिम्मेदार है। उसके कर्म और संस्कार जिम्मेदार हैं। तुम्हारे भाई ने मेहनत और योग्यता से अपने काम को संभाला तो उसकी उन्नति होती गई, इसके विपरीत तुमने आलस्य और भोग-विलास में अपना समय व्यतीत किया तो तुम्हारा धन धीरे-धीरे खत्म होता गया।

रोचक

## खगोलविदों ने की बड़ी खोजः ब्रह्मांड में सूर्य से भी लाखों गुना चमकीला मिला क्वासर

**कैनबरा (ईएमएस)।** खगोलविदों ने ब्रह्मांड में अब तक देखी गई सबसे चमकीली वस्तु की खोज की है। यह नया खोजा गया क्वासर न केवल चमक में रिकॉर्ड तोड़ रहा है, बल्कि तेज़ी से बढ़ भी रहा है, जो आकाशगंगा में सबसे चमकीले क्वासरों की विशेषता है। अध्ययन में कहा गया है कि जे 0529-4351 नामक यह क्वासर प्रतिदिन एक सूर्य के बराबर दर से बढ़ रहा है और सूर्य से 500 ट्रिलियन गुना ज्यादा चमकीला है।

मुख्य शोधकर्ता ने क्वासर का वर्णन करते हुए कहा कि यह एक संभवतः ब्रह्मांड का सबसे नरकीय स्थान है। उन्होंने इसके तेज गति से चलने वाले बादलों, अत्यधिक तापमान और विशाल ब्रह्मांडीय बिजली के बोल्टों का हवाला दिया। इन कठोर परिस्थितियों के बावजूद, इस क्वासर द्वारा उत्सर्जित प्रकाश असाधारण है।

ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रीय विश्वविद्यालय (एएनयू) के खगोलशास्त्री और अध्ययन के प्रमुख लेखक क्रिश्चियन वुल्फ ने कहा कि हमने अब तक ज्ञात सबसे तेजी से बढ़ने वाले ब्लैक होल की खोज की है। इसका द्रव्यमान 17 अरब सूर्यों के बराबर है और यह प्रतिदिन एक सूर्य से थोड़ा अधिक प्रकाश ग्रहण करता है। यह इसे ज्ञात ब्रह्मांड में सबसे अधिक चमकीला पिंड बनाता है।बताया जा रहा है कि यह वस्तु सूर्य से भी ज्यादा चमकीला है।

# बलूचिस्तान में अंधेरा होते ही बिल में दुबक जाती है पाक सेनाः पूर्व प्रधानमंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद खाकन अब्बासी ने दावा किया है कि पाकिस्तान की सेना अंधेरा होते ही दुबक के बैठ जाती है। पूर्व प्रधानमंत्री की टिप्पणी 5 मई को आई थी। मानो उन्हें सही साबित करने के लिए, बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के लड़ाकों ने 6 मई को बलूचिस्तान के बोलन और केच में दो अलग-अलग हमलों में 14 सैन्यकर्मियों को मार डाला। पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा और शासन पर सवाल उठाते हुए अब्बासी ने कहा कि पाकिस्तान के सबसे बड़े प्रांत में भय और अनिश्चितता का माहौल है। उन्होंने दावा किया कि वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और मंत्री भी अशांत प्रांत में सुरक्षा एस्कॉर्ट के बिना आने जाने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि प्रांतीय राजधानी क्वेटा में अंधेरा होने के बाद, जमीन पर सरकार की मौजूदगी लगभग गायब हो जाती है। यह कानून और व्यवस्था में गिरावट नहीं है। यह सरकार के गायब होते अधिकार का संकेत है। उन्होंने कहा कि हथियारबंद बलूच विद्रोही अब प्रांत के प्रमुख राजमार्गों पर खुलेआम गश्त करते हैं, मनमाने ढंग से चेकपॉइंट बनाते हैं और यहां तक कि शहरी क्षेत्रों पर घंटों तक कब्जा रखते हैं।

पाकिस्तान अपने आतंकी शिविरों पर भारत के जवाबी हमलों से परेशान है, जबकि उसे अपने घर में भी एक बड़ी समस्या से निपटना है। बलूचिस्तान इस्लामाबाद की पकड़ से फिसल रहा है। अगर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद खाकन अब्बासी की मानें तो यह पहले ही काफी हद तक पाकिस्तान के कंट्रोल से बाहर जा चुका है। उनका कहना है कि मंत्रियों और बड़े अधिकारियों में डर का माहौल इतना है कि वे अंधेरे के बाद बिना सुरक्षा गार्ड के बाहर नहीं निकलते हैं। इससे सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर की झूठी कहानी उजागर होती है कि बलूचिस्तान में मुट्ठी भर विद्रोही हैं।

2017 से 2018 तक पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे अब्बासी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि बलूचिस्तान में स्थिति और भी गंभीर है, खासकर रात होने के बाद। उन्होंने पाकिस्तानी सेना के असीम मुनीर के बलूचिस्तान में अशांति के लिए 1,500 लोगों को जिम्मेदार बताने वाले बयान को भी चुनौती दी। अब्बासी ने कहा कि 'असीम मुनीर जो भी कहें वह उनकी राय है, मैं केवल वही कह रहा हूं जो मैंने देखा।



गाजा में इजरायली हमले के बाद एक स्कूल के मलबे को देखते हुए लोग। इस स्कूल में विस्थापितों को शरण दी गयी है।

# लाहौर में हुए ड्रोन हमले में एक शख्स की मौत और सेना के 04 जवान घायल

## पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ने कहा- लाहौर समेत गुजरांवाला, चकवाल, रावलपिंडी, मियानो, चोर और कराची में हुए हैं ड्रोन हमले

**इस्लामाबाद।** लाहौर में गुरुवार को हुए ड्रोन हमले में सेना के चार जवान घायल हो गए, जबकि एक व्यक्ति की मौत हुई है। यह जानकारी पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता जनरल चौधरी ने दी है। दूसरी तरफ पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि इस्लामाबाद भारत में केवल सैन्य ठिकानों को निशाना बनाएगा, वह आमजन वाली बस्तियों पर हमला नहीं करेगा।



पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने गरुवार सुबह हुए ड्रोन हमलों के लेकर बड़ी अपडेट दी है। सेना प्रवक्ता जनरल चौधरी ने कहा, कि लाहौर में गुरुवार को हुए ड्रोन हमले में पाकिस्तानी सेना के 4 जवान घायल हुए हैं। इसके अलावा मियानो में हुए हमले में एक शख्स की मौत हुई है। सेना के प्रवक्ता ने बताया कि लाहौर, रावलपिंडी, गुजरांवाला, चकवाल, मियानो, चोर और कराची में ड्रोन हमले हुए हैं। पाक सेना प्रवक्ता ने दावा किया कि पाकिस्तानी सेना करीब 12 भारतीय ड्रोन्स को मार गिराने में सफल रही है। यहां बताते चलें कि मंगलवार और बुधवार की रात को भारत द्वारा किए गए एयरस्ट्राइक के बाद सेना के प्रवक्ता जनरल शरीफ चौधरी यह तीसरी प्रेस ब्रीफिंग कर रहे थे।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ लगातार बयान बदल रहे हैं अबकी बार उन्होंने कहा है कि इस्लामाबाद भारत में केवल सैन्य ठिकानों को अपना निशाना बनाएगा, वह किसी आम नागरिकों के ठिकानों पर हमला नहीं करेगा। ख्वाजा आसिफ का कहना है कि जंग की स्थिति में पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन करेगा और पाकिस्तान टकराव को महज सैन्य ठिकानों तक ही सीमित रखेगा।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने एक बयान में कहा है कि हम अपने देश की हिफाजत के लिए आखिरी सांस तक लड़ेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इन हमलों के लिए भारत को खून के हर कतरे की कीमत चुकानी होगी।

# भारत-पाकिस्तान एक दूसरे के दुश्मन नहीं, दुश्मन तो आतंकवाद और उग्रवाद है

## शांति नोबल विजेता मलाला यूसुफजई ने आतंकी घटनाओं की कड़ी निंदा

**लंदन।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पूरी दुनिया ने पाकिस्तान की आलोचना की थी। वहीं अमेरिका समेत यूरोप के देशों ने भी भारत को समर्थन दिया। ब्रिटेन और इजराइल ने खुलकर आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़े होने की बात कही। इसी बीच शांति नोबेल प्राइज विजेता मलाला युसुफजई ने कहा कि पाकिस्तान और भारत एक दूसरे के दुश्मन नहीं हैं बल्कि दुश्मन तो आतंकवाद और उग्रवाद है। उन्होंने आतंकी घटनाओं की कड़ी निंदा की है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मलाला ने एक साक्षात्कार में कहा कि भारत और पाकिस्तान को मिलकर आतंकवाद और बंटवारे की ताकतों को रोकना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को दखल देना चाहिए और शांति व बातचीत की वकालत करनी चाहिए। मलाला ने कहा कि वह खुद पाकिस्तान में आतंकवाद का शिकार हो चुकी हैं। 2012 में स्कूल जाते वक्त तालिबान ने उनपर जानलेवा हमला किया था। उन्होंने कहा कि आतंकवाद की जड़ों पर बात की जानी चाहिए। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है क्योंकि कोई पैदा होते ही उग्रवादी या फिर आतंकवादी नहीं होता है। कुछ ऐसी बातें होती होंगी जिसकी वजह से उग्रवादी और आतंकवादी पैदा होते हैं। हमें शांति के रास्ते से उन्हें कमजोर करना होगा।

मलाला ने कहा कि जिन लोगों ने आतंकवाद की वजह से अपने परिजनों को खोया है उनको लेकर मैं बहुत दुखी हूं।

# इजराइल ने अपने नागिरकों को दिया आदेश, कश्मीर का इलाका तुरंत छोड़ें

**तेलअवीव।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को देखकर इजराइल ने अपने नागरिकों के लिए मौजूदा यात्रा परामर्श को अद्यतन किया है, जिसमें कश्मीर क्षेत्र में रह रहे लोगों से 'तुरंत इलाका छोड़ने' का आग्रह किया है। संशोधित परामर्श भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में आतंकी ठिकानों पर हमले के बाद आया है। इजराइली विदेश मंत्रालय ने इजराइल के नागरिकों से लद्दाख के अतिरिक्त जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में जाने से बचने का आह्वान किया। इजराइली मंत्रालय ने कहा कि कश्मीर में मौजूद इजराइलियों को 'तुरंत इलाका छोड़ देना चाहिए' और स्थानीय सुरक्षा बलों के निर्देशों का पालन करना चाहिए।

## आज का इतिहास 9 मई

1540 महाराणा प्रताप का जन्म हुआ.

1788 ब्रिटेन ने दास व्यापार समाप्त करने के लिए संसदीय प्रस्ताव पारित किया.

1866 राष्ट्रीय नेता गोपाल कृष्ण गोखले का जन्म हुआ.

1933 नाजियों ने बर्लिन में 25 हजार किताबों की होली जलाई.

1936 इटली ने इथोपिया पर कब्जा किया.

1955 पश्चिम जर्मनी नाटो का सदस्य बना.

1968 अमरीका और उत्तर वियतनाम के प्रतिनिधि शांति वार्ता में भाग लेने पेरिस पहुंचे.

1978 इटली के पूर्व प्रधानमंत्री एल्डो मोरो का गोली से छलनी शव मध्य रोम में मिला.

1987 पोलैंड का विमान 183 यात्रियों सहित दुर्घटनाग्रस्त हो गया.

1991 यूगोस्लाव सेना को सर्व और क्रोट के बीच जातीय संघर्ष समाप्त करने के लिए अधिकृत किया गया.

1995 स्वतंत्रता सेनानी और गांधीजी के निकट आभा गांधी का निधन.

1996 प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव का त्यागपत्र. कोई भी दल सरकार बनाने की स्थिति में नहीं.

1997 हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर के करीब एक ट्रक के गहरी खाई में गिर जाने से 71 व्यक्तियों की मृत्यु.

1998 गायक तलत महमूद का निधन.

2001 नई दिल्ली में सेना भवन के पास दो बम विस्फोट.

2001 ईटा नगर में हैलीकाप्टर दुर्घटना में असम के एक मंत्री समेत सात लोग मरे.

## प्रसंगतः आम आदमी

एक बार प्रसिद्ध विद्वान हजरत अबू बकर सिद्दिकी को मदीना का वजीर नियुक्त किया गया। नियुक्ति के बाद प्रश्न उठा कि इतने बड़े विद्वान की तनख्वाह कितनी हो। वहां के बादशाह भी कोई निर्णय नहीं ले सके। काफी देर माथापच्ची करने के बाद अंत में यह निर्णय हुआ कि उनसे पूछ कर ही उनका वेतन तय किया जाए। बादशाह स्वयं उनके पास गए और उनके सामने अपनी समस्या रखी। अबू बकर ने कहा, 'जहांपनाह, यह तो कोई समस्या है नहीं। मैं कोई जनता से अलग तो हूं नहीं। बताइए, मदीना का एक औसत मजदूर महीने में कितना कमा लेता है?' बादशाह ने कहा, 'तकरीबन एक दीनार तो कमा ही लेता है।' अबू बकर ने कहा, 'ठीक है। मेरी तनख्वाह एक दीनार रखी जाए।' बादशाह हैरत में पड़ गए। बोले, 'क्या कहा आपने? एक दीनार! इससे ज्यादा तो मेरा नौकर कमाता है। आपकी बराबरी एक नौकर से नहीं हो सकती।' अबू बकर ने कहा, 'आप मेरी बात नहीं समझ रहे हैं। आपने मुझे मुल्क का वजीर इसलिए बनाया है कि मैं यहां की गरीब जनता के हित में काम करूं। देश को तरक्की पर ले जाऊं। लेकिन जब मुझे यहां के आवाम के दर्द का पता ही नहीं चलेगा तो मैं कैसे उनके हित की बात सोचूंगा। एक मजदूर के बराबर तनख्वाह लेने से मुझे इतना तो पता रहेगा कि यहां साधारण लोग किस हाल में रहते हैं। वे अपना गुजर-बसर किस तरह से करते हैं और उनकी भलाई कैसे हो सकती है। हमारी तनख्वाह ज्यादा होगी तो हमें पता ही नहीं चलेगा कि देश में क्या हो रहा है।' बादशाह ने फिर जोर देकर कहा, 'यह नियम के खिलाफहोगा। आप की तनख्वाह एक मजदूर के बराबर नहीं हो सकती।' अबू बकर ने मुस्कराकर कहा, ' फिक्र मत करिए। मैं हमेशा कोशिश करता रहूंगा कि यहां के मजदूरों की आमदनी जल्दी-जल्दी बढ़ती रहे। इससे मेरी तनख्वाह अपने आप बढ़ती जाएगी।' यह सुनकर बादशाह निरुत्तर हो गए। उन्होंने शाही खर्च में भारी कटौती कर दी।

## दैनिक पंचांग

**9 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.45 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मिथुन | 07.44 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.57 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 12.13 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.25 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.36 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.51 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.07 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.12 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 00.58 बजे से |
| 10.30 से | | मीन | 02.31 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | मेष | 04.01 बजे से |

**शुक्रवार** 2025 वर्ष का 129 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वादशी 14.57 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** हस्त 00.09 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** वज्र 02.58 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** बालव 14.57 बजे तदनन्तर कौलव 04.13 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 11.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 17° 22'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872339
**जूलियन दिन** 2460804.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद
**तारीख** 10
**विशेष** प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 | बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 | बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 | बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 | बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 | बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 | बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 | बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 | बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 | बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 | बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 | बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, वैशाख शुक्ल पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथि द्वादशी, शुक्रवासरे, हस्त नक्षत्रे, वल योग, वालव करणे, कन्या की चंद्रमा, प्रदोष व्रत रवियोग, व्यापार कर्णवेध, विद्यारंभ, जलखनन, वधू, तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल........

आज जन्म लिया बालक योग्य, जिद्दी-हठी, कुछ कर दिखाने की तमन्ना रखने वाला, स्वेच्छाचारी वृत्ति वाला, खुद के सिद्धांत का घोषक, दयालु, दयावान, शिक्षक, शिक्षाविद, शिक्षा शास्त्री, लेक्चरार, प्रोफेसर, प्रिंसपल, लेखक-कवि, पत्रकार, फिल्म निर्माता होगा।




**मेष राशिः** कार्य कुशलता से संतोष, स्त्री शरीर कष्ट, कुछ बाधायें चिन्तामय रखेंगी।

**वृष राशिः** मान-प्रतिष्ठा में प्रमुख वृद्धि होगी, कार्य कुशलता से संतोष होगा, रुके हुए कार्य बनेंगे।

**मिथुन राशिः** क्रोध से अशांति तथा झग? से बचें, क्रोध से कार्य अवरोध होगा एवं हानि होगी।

**कर्क राशिः** कार्य-व्यवसाय में सुधार हो, कार्य कुशलता से संतोष होगा, हानि होगी।

**सिंह राशिः** व्यवसाय गति अनुकूल हो, तनाव व क्लेश से अशांति, व्यर्थ व्यय होगा, ध्यान दें।

**कन्या राशिः** योजनाऐं फलीभूत हों, अधिकारियों के तनाव से बचें, सतर्क रहकर कार्य करें।

**तुला राशिः** विशेष कार्य स्थिगित रखें एवं कुटुम्ब की चिन्ता करें, विशेष रूप से ध्यान दें।

**वृश्चिक राशिः** विशेष कार्य स्थिगित एवं लेन-देन के मामले में हानि होगी, कार्य होवेंगे।

**धनु राशिः** मानसिक बेचैनी, उद्विघ्नता एवं असमर्थता का वातावरण बना ही रहेगा।

**मकर राशिः** क्रोध, अशांति से बचिये, मानसिक भ्रम तथा व्यवस्था नष्ट हो सकती है।

**कुंभ राशिः** नवीन योजनाएं फलप्रद हों, कार्यकुशलता से संतोष होगा, ध्यान दें।

**मीन राशिः** इष्ट मित्र से तनाव-क्लेश व अशांति से हानि, मनोबल बना रहेगा।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# भारत से मुंह की खाने के बाद, अब अपनों पर ही एक्शन लेने के मूड में दिखा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** भारत ने पाकिस्तान को सबक सिखाकर उसकी हालत पतली कर दी है। ऐसे में खीज रहे पाकिस्तान आला हुक्मरान अपनों पर ही सख्ती करने के मूड में दिखाई दे रहे हैं। पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में नागरिकों के सैन्य अदालतों में मुकदमे की अनुमति दे दी, जिससे 9 मई 2023 को हुए दंगों में शामिल लोगों के खिलाफ सैन्य ट्रायल का रास्ता साफ हो गया।

जस्टिस अमीनुद्दीन खान की अध्यक्षता में सात सदस्यीय संवैधानिक पीठ ने अक्टूबर 2023 के उस मूल फैसले के खिलाफ कई अंतर-न्यायालय अपीलों पर सुनवाई की, जिसमें नागरिकों के खिलाफ सैन्य मुकदमे को असंवैधानिक घोषित किया गया था। 5-2 के विभाजित फैसले में, कोर्ट ने अपीलों को स्वीकार करते हुए 9 मई 2023 के हमलों में शामिल नागरिकों के सैन्य मुकदमे की अनुमति दी। जस्टिस जमाल खान मंडोखैल और जस्टिस नईम अख्तर अफगान ने इस फैसले से असहमति जताई और अपीलों को खारिज करते हुए पहले के फैसले को बरकरार रखा, जिसमें सैन्य मुकदमों को अवैध ठहराया गया था।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के कार्यकर्ताओं की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के विरोध में हिंसक प्रदर्शन किए गए थे, जिसमें सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले की कथित घटनाएं शामिल थीं। पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर और इमरान खान के बीच विवाद कोई नई बात नहीं है। ऐसे में पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला सीधे तौर पर इमरान समर्थकों के खिलाफ है।10 पेज के संक्षिप्त आदेश में, जस्टिस अमीनुद्दीन ने सरकार को निर्देश दिया कि वह 45 दिनों के भीतर पाकिस्तान सेना अधिनियम, 1952 में आवश्यक संशोधन करे ताकि दोषी व्यक्तियों को अपनी सजा के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील करने का अधिकार मिल सके। इस फैसले ने 1952 के सेना अधिनियम की उन धाराओं को फिर से लागू कर दिया, जो नागरिकों के सैन्य मुकदमे की अनुमति देती हैं। 9 मई 2023 को इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पीटीआई कार्यकर्ताओं ने पूरे देश में हिंसक प्रदर्शन किए थे। उनकी गिरफ्तारी के लिए सेना पहुंची थी, जिस कारण नाराज प्रदर्शनकारियों ने सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमले किए। इसके बाद 100 से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को सैन्य अधिकारियों को सौंप दिया गया था।

# अमेरिकी सांसद ने पाकिस्तान को चेताया, भारत पर जवाबी हमले की सोचना भी मत

**वाशिंगटन।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पूरे पाकिस्तान में खलबली मच गई है। पाकिस्तान बदला लेने की धमकी दे रहा है। इस बीच अमेरिका के एक सांसद ने पाकिस्तान को चेताया है कि उसे ऐसा सोचना भी नहीं चाहिए। अमेरिकी डेमोक्रेटिक सांसद रो खन्ना ने पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर को 'तानाशाह' बताया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत की जवाबी कार्रवाई पर कोई पलटवार करने की गलती न करे। मीडिया रिपोर्ट में रो खन्ना ने कहा कि दोनों देशों के पास परमाणु हथियार हैं। सबसे जरूरी चीज इस समय तनाव को कम करना है। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमला में निर्दोष नागरिक मारे गए थे। भारत ने जवाबी कार्रवाई की जो कुछ आतंकवादी नेटवर्कों को समाप्त करने में सहायक रही। अब सबसे जरूरी है कि दोनों देश शांति की राह इख्तेयार करें। उन्होंने कहा कि अमेरिका को भारत-पाकिस्तान के बीच इस गंभीर स्थिति को समझने और कूटनीतिक रूप से सुलझाने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने विभाजन और हिंदू-मुस्लिमों के बीच धार्मिक विभाजनों को बढ़ावा दिया था। हमें इस क्षेत्र की जटिलताओं को समझते हुए एक ईमानदार मध्यस्थ की भूमिका निभानी चाहिए। खन्ना ने पाकिस्तान आर्मी चीफ मुनीर को तानाशाह बताते हुए कहा कि पाकिस्तान में लोकतंत्र खत्म हो चुका है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय सेनाओं के सफल पराक्रम पर देश को गर्व



**मैहर।** पहलगांव में हुए कायराना आतंकी हमले का जिस तरह भारतीय सेनाओं ने त्वरित और निर्णायक उत्तर दिया है वह सम्पूर्ण राष्ट्र के आत्म गौरव का विषय है। भाजपा जिला मंत्री कुलदीप तिवारी ने कहा है कि भारतीय सेनाओ के सफल पराक्रम पर समूचे देश को गर्व है। भारतीय सेना द्वारा शौर्य, समर्पण और संकल्प के साथ पाकिस्तान की सरजमीं पर आतंक के अड्डों पर की गई जवाबी कार्रवाई केवल एक सैन्य प्रतिघात नहीं अपितु यह एक सशक्त राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचायक है। यह ऐतिहासिक क्षण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राष्ट्रवादी, दूरदृष्टि, उनकी अपराजेय, राजनीतिक इच्छाशक्ति और भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष परिणाम है। प्रधान मंत्री द्वारा भारतीय सेनाओं को पूर्ण स्वतंत्रता और भरोसे के साथ कार्रवाई करने की जो छूट दी गई उसी का प्रतिफल है कि आज भारत ने आतंक को उसके घर में घुसकर जवाब दिया है। श्री तिवारी ने आगे कहा कि यह केवल सीमाओं पर नहीं बल्कि प्रत्येक भारतीय के दिल में जलते राष्ट्रप्रेम की लौ का प्रतिनिधित्व करता है। हमले की कार्रवाई यह सिद्ध करती है कि भारत अब चुप नहीं बैठेगा बल्कि अब भारत कड़ा जवाब देगा।

### शासकीय हाई स्कूल पोड़ी के छात्र ने किया विद्यालय का नाम रोशन



**मैहर।** शासकीय हाई स्कूल पोड़ी मैहर के शिक्षकों की कड़ी मेहनत का ही फल रहा है कि जो छात्र छात्राओं के शिक्षा कौशल देखने को मिली। हाई स्कूल पोड़ी में छात्र देवेन्द्र कुशवाहा पिता अमर कुशवाहा ने बिना कोचिंग के ही हाईएस्ट 97.4 प्रतिशत लाकर जिले की मेरिट में तीसरा स्थान हासिल किया है। विद्यालय से ही सुहानी प्रजापति 93 प्रतिशत, पुष्पा कुशवाहा एवं महेश साहू दोनों ने 89 प्रतिशत, जितेन्द्र कुशवाहा एवं स्नेहा पटेल 83 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्रों ने सफलता का श्रेय अपने परिवार, विद्यालय के शिक्षकों एवं विशेषकर गणित शिक्षक संदीप मिश्रा तथ प्राचार्य हरिशंकर पाण्डेय को दिया है।

### सत्र 2025-26 हेतु आईटीआई बहोरीबंद में प्रवेश प्रारंभ

**कटनी।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) बहोरीबंद में सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। इस शैक्षणिक सत्र में आईटीआई बहोरीबंद में विद्युतकार हेतु 20, वेल्डर हेतु 40, फिटर हेतु 20, कोपा हेतु 48 तथा सोलर टेक्नीशियन हेतु 20 सीटों पर प्रवेश होना है। अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट 222.स्ऱ्ह्यस्न.द्वश्च.द्दश1.द्बठ्ठ पर जाकर संपूर्ण प्रवेश विवरण पढ़ सकते है। साथ ही अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

### इरादे रोज बनते हैं और टूट जाते हैं कथा में वही आते हैं जिन्हें भगवान बुलाते है- किशोरी वैष्णवी गर्ग

**दमोह।** कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के मुखारविंद से जमुनिया हजारी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन सभी ने भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव उत्साह और उमंग के साथ मनाया. कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी द्वारा नंद बाबा के घर पर उत्सव के माहौल का सुंदर वर्णन किया। नंद के आनंद भयो, जय कन्हैयालाल के उद्घोष के साथ समूचा आयोजन परिसर गूंज उठा, नंद बाबा बने राजा भक्तों ने भजनों की धुनों पर मगन होकर से थिरकते हुए श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का आनंद उजागर किया. बासुदेवजी के रूप में श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव का आनंद मनाते हुए भक्तों ने खूब उत्साह मनाया कथा प्रसंग में कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने कहा कि भगवान युगों-युगों से भक्तों के साथ अपने स्नेह रिश्ते को निभाने के लिए अवतार लेते आये हैं.कथा व्यास किशोरी जी ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के भाव और प्रेम से बंधे है. उनसे भक्तों की दुविधा कभी देखी ही नहीं जाती. वे अपने भक्तों की कामना की पूर्ति तो करते ही है साथ ही उनके साथ अपने स्नेह बंधन निभाने खुद इस धरा पर आते हैं.आज की कथा में वामन अवतार, समुंद्र मंथन, श्री राम जन्मोत्सव और भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव का सुंदर और भाव पूर्ण वर्णन किया।

# शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर महापौर का नवाचार

### ओवर ब्रिज के पिलर एवं दीवारों पर की जा रही सुंदर चित्रकारी

**कटनी।** शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के चित्रकारी नवाचार से जहां एक ओर शहर की सुंदरता बढ़ रही है तो दूसरी ओर लोगों को सामाजिक एवं जागरूकता का संदेश दे रही है।

कटनी को साफ-सुथरा व सुंदर शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा किए गए नवाचार के तहत शहर स्थित ओवर ब्रिज के पिलर और दीवारों का सौंदर्यीकरण का अभियान शुरू किया गया हैं। इस कार्य की शुरुआत जगन्नाथ चौक से बरगवां तक निर्मित ओवर ब्रिज के पिलरों एवं दीवारों पर आकर्षक प्रेरणादायक चित्रकारी से शुरू कर की गई है। उक्त कार्य महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की पहल पर




बैंक ऑफ बड़ौदा के सहयोग से कराया जा रहा है।

#### महापौर के नवाचार की सराहना

कटनी नगर को सुंदर नगर बनाने हेतु प्रयासरत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा किए गए इस नवाचार के तहत विभिन्न कलात्मक चित्रकारी में धार्मिक,पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय पर्यटन स्थलों, शासकीय योजनाओं का प्रचार प्रसार, यातायात नियमों, स्वच्छता अभियान के उद्देश्यों को शामिल किया जाकर सिंबल के रूप में दीवारों पर चित्रकारी करवाई जा रही है। जिसकी सराहना नागरिकों द्वारा की जा रही है।

#### शहर को स्वच्छ रखने का दायित्व हर नागरिक का : महापौर

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि शहर के सौंदर्यीकरण को बढ़ाने के लिए सड़कों के साथ लगती दीवारों पर इस प्रकार की चित्रकारी करवाई जा रही है, जिससे लोगों को प्रेरणा ओर ज्ञान मिले। शहर को स्वच्छ रखने का दायित्व प्रत्येक नागरिक का है, इसलिए कूड़ा सिर्फ डस्टबिन में ही डाला जाये, इसको इंगित करते चित्र दीवारों पर बनवाए जा रहे हैं। निगम का मानना है कि एक सुंदर शहर न केवल रहने के लिए बेहतर होता है, बल्कि इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता है।

# आरटीई के तहत प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन शुरू

**कटनी।** शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के अंतर्गत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाइन नि:शुल्क प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा समय सारणी जारी कर दी गई है। अशासकीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु पात्र इच्छुक आवेदक अपने ग्राम, वार्ड, पड़ोस तथा विस्तारिक पड़ोस के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूलों में नि:शुल्क प्रवेश हेतु अपनी समग्र आईडी एवं आधार सत्यापन करके ऑनलाइन आवेदन 21 मई तक किया जा सकेगा।

जन शिक्षा केन्द्र द्वारा सत्यापन उपरांत पात्र पाये गये आवेदकों को रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से अशासकीय स्कूल का आवंटन किया जायेगा। विद्यालयों में प्रवेश के लिये अभिभावकों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। साथ ही आवेदन की तरह ही सत्यापन कराने की जिम्मेदारी भी अभिभावक की होगी।

#### जारी की समय-सारणी

**पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार 21 मई तक किया जा सकेगा। आवेदन के पश्चात शासकीय जन शिक्षा केन्द्र के द्वारा 23 मई तक सत्यापन कार्य किया जायेगा। ऑनलाइन सत्यापन के बाद 29 मई को रैण्डम पद्धति से ऑनलाईन लॉटरी द्वारा स्कूल का आवंटन एवं चयनित आवेदकों को एसएमएस द्वारा सूचना दी जाएगी। जबकि आवंटन उपरांत 2 जून से 10 जून तक स्कूल में उपस्थित होकर मोबाइल एप के माध्यम से एडमिशन रिपोर्टिंग की जायेगी।**

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन कल

### सफल आयोजन हेतु निगमायुक्त ने अधिकारियों कर्मचारियों को सौंपे दायित्व



**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार शनिवार 10 मई को नगर निगम कटनी के विभिन्न पांच स्थलों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाकर नागरिकों को विगत वित्तीय वर्ष 2024-25 तक की बकाया राशि पर नियमानुसार छूट प्रदान की जावेगी। आयुक्त नगर निगम नीलेश दुबे ने लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु एक आदेश जारी कर निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व सौंपे है।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देश पर नागरिकों को अपने बकाया करों को निगम कोष में जमा कराने की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त श्री दुबे नें लोक अदालत के दौरान नगर के विभिन्न स्थलों नगर निगम कार्यालय, सुभाष चौक, दुर्गा चौक खिरहनी, माधवनगर उपकार्यालय तथा बस स्टेंड में आयोजित होनें वाले शिविरों हेतु उचित स्थल का चयन कर समुचित व्यवस्था पूर्ण करने तथा अधिक से अधिक राजस्व वसूली करने के निर्देश निगम के राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए है। जबकि सुधीर मिश्रा विभागाध्यक्ष जलकर एवं सागर नायक प्रभारी अधिकारी को शिविर स्थलों पर जलकर वसूली हेतु कर्मचारियों की नामजद ड्यूटी लगाने हेतु निर्देशित किया गया है।

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जारी आदेश में लोक अदालत के दौरान शनिवार 10 मई को नगर निगम कार्यालय एवं समस्त शिविर स्थलों पर विद्युत सप्लाई चालू रखने हेतु प्रभारी सहायक यंत्री आदेश जैन व मोना करेरा उपयंत्री को एम.पी.ई.बी से समन्वय स्थापित करने, जिला न्यायालय परिसर सहित नगर निगम कार्यालय एवं शिविर स्थलों में पेयजल हेतु पानी के टैंकरों की व्यवस्था करने हेतु मृदुल श्रीवास्तव उपयंत्री व अभिषेक अरजरिया को निर्देशित किया गया है।

न्यायालय परिसर सहित नगर निगम कार्यालय एवं शिविर स्थलों में विशेष साफ- सफाई एवं चूने की लाईनिंग व कीटनाशक दवाईयों का डिड़काव करानें सहित शिविरों के माध्यम से निर्धारित लक्ष्य अनुरूप वसूली का प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु वार्ड दरोगा एवं क्षेत्रीय स्वा.प्रभारियों की ड्यूटी लगानें के निर्देश प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को दिए है।

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जारी आदेश में लोक अदालत को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यकतानुसार भृत्यों की ड्यूटी लगाने, कचरा कलेक्शन वाहन के माध्यम से लोक अदालत में प्रदाय की जाने वाली छूट का प्रचार -प्रसार कराने, कम्प्यूटर, कम्प्यूटर आपरेटर, प्रिंटर, इंटरनेट, पानी के कैन, टेंट एवं बैठक व्यवस्था सहित समाचार पत्रों में प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश निगम के विभागीय अधिकारियों को सौंपे जाकर समस्त व्यवस्था निर्धारित समय पर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बाबा तालाब की सफाई



**मैहर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गुरूवार को बाबा तालाब की साफसफाई की गई। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, नवांकुर स्वैच्छिक संगठन, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम, परामर्शदाता, बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के छात्र, नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि, नगर पालिका परिषद के सफाई मित्र, अधिकारी, कर्मचारी एवं समाजसेवी संस्थाओं ने श्रमदान कर बाबा तालाब परिसर के घाट की सफाई की गई। स्वच्छता का संदेश देकर सरकारी करण की जगह समुदाय को आगे आकर जल स्त्रोतों की सफाई करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर, सीएमओ सुषमा मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी, दीप्ती सिंह, जगन सिंह, उपयंत्री आकाश अग्रवाल, स्वच्छता पर्यवेक्षक अशरफ अली, अतिक्रमण प्रभारी बालेंद्र पांडेय, मदन चौरसिया, सुदीप सिंह, पार्षद प्रतिनिधि पवन दुबे, मनोज शुक्ला, अजय मिश्रा, संजय जादवानी, इन्द्रजीत सिंह मैनी, जगनंदन गर्ग, पुनीत मैनी एवं कल्पना सिंह आदि ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

# अवैध शराब स्कूटी पर रखकर बेचने एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

### यह वीडियो एसपीएम गेट नंबर 4 के पास में स्कूटी पर रखकर बेची जा रही खुलेआम शराब

**आरती मालवीय**

**नर्मदापुरम।** शहर में इन दोनों अवैध शराब का घोराक धंधा थमने के नाम नहीं ले रहा हैं। शराब का कारोबार लोगों के सर चढ़कर बोल रहा है हर चौक चौराहे एवं घर-घर अब शराब बेची जा रही है विधायक डॉक्टर सीताशरन शर्मा ने कलेक्टर एसपी को शहर में बिक रही अवैध शराब को लेकर तक बार ज्ञापन देने के बाद भी शहर में अवैध शराब का कारोबार बंद नहीं हो सका है जिसके चलते शहर के हर चौक चौराहे गली मोहल्ले में अवैध शराब की बिक्री शराब माफियाओं द्वारा की जा रही है। वहीं एसपीएम गेट नंबर 4 का स्कूटी पर रखकर खुलेआम शराब माफिया शराब बेच रहा हैं जिसका के एक वीडियो सोशल मीडिया पर



जमकर वायरल हो रहा है जिसमें आप साफ तौर पर देख सकते हैं कि एसपीएम गेट नंबर 4 के सामने बने कंपलेक्स के पास लाल कलर की स्कूटी पर शराब रखकर सरेआम बेचीं जा रही है जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अवैध शराब को लेकर नर्मदापुरम विधायक ने एसपी कलेक्टर को शहर में अवैध शराब बंद कराने को लेकर कई बार आवेदन दिए जिसके बाद भी जिला प्रशासन एवं सम्बंधित विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद विधायक शर्मा ने स्थानीय सर्किट हाउस में को मीडिया बुलाकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करना पड़ा था। इसके बाद शहर में कुछ जगह शराब माफिया द्वारा शराब बंद कर दी थी। लेकिन मामला शांत होते ही एक बार शराब माफिया एक बार फिर से सकरीय हो गए है।अब देखना यह है कि अवैध शराब का कारोबार करने वालों पर प्रशासन और संबंधित विभाग किस तरह की कार्रवाई करता है।

### बुजुर्ग व्यापारी के साथ धोखाधड़ी मामले में पुलिस ने 15 दिन बाद भी रिपोर्ट नहीं लिखी

**दमोह।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत करीब15 दिन पूर्व एक बुजुर्ग व्यापारी की दुकान पर पहुंचे दो अज्ञात युवको के द्वारा बातों में उलझा कर सोने की चेन ले जाने का घटनाक्रम सामने आया था। जिसकी सूचना दुकानदार द्वारा तुरंत कोतवाली पुलिस को दिए जाने, कोतवाली पुलिस के एक सिपाही द्वारा बयान लिए जाने तथा घटनाक्रम से सीएसपी को अवगत कराए जाने के बावजूद आज तक मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। जबकि रिपोर्ट दर्ज करने के लिए व्यापारी द्वारा कई बार कोतवाली के चक्कर लगाए जा चुके हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जैन धर्मशाला धगट चौराहा मार्ग पर बुजुर्ग व्यापारी देवेंद्र जैन लाट साब की कपड़ा किराना फैंसी स्टोर की संयुक्त रूप से छोटी सी दुकान संचालित है। 23 अप्रैल को दोपहर में दो युवक इनकी दुकान पर रुमाल नारियल आदि लेने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उनके द्वारा दान देने के लिए इनसे मंदिर का पता पूछा गया। इस दौरान बातो में उलझाकर एक बदमाश ने देवेंद्र लाट साहब से गले में पहनी सोने की चेन को दान के लिए दिए गए नोटों में लपेटकर दुकान के काउंटर के अंदर रखवा दिया। इसी दौरान इनकी एक अन्य साथी ने पहुंचकर बातों में उलझा कर सोने की चैन सहित रुपयों को पार कर दिया तथा चलते बने। बाद में देवेंद्र लाट साब को जब अपने साथ धोखाधड़ी होने का एहसास हुआ तो उन्होंने इसकी जानकारी अपने बेटे को दी तथा दुकान के सामने लगे सीसीटीवी को चेक किया तो दो बाइकों से आए तीन युवक रेकी करके दुकान से आते जाते तथा बाद में धगट चौराहे तरफजाते नजर आए। इस घटना की जानकारी कोतवाली पहुंचकर उसी दिन 23 अप्रैल को दिए जाने पर कोतवाली से सिपाही सियाराम इनकी दुकान पर पहुंचा तथा पूरी जानकारी लेकर उनके बयान भी दर्ज किए गए। लेकिन दो दिन बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं होने पर 25 अप्रैल को मामले की जानकारी सीएसपी अभिषेक तिवारी को भी दी गई। इनके द्वारा भी एक सिपाही को दुकान पर भेज कर जानकारी प्राप्त की गई। इसके बाद भी रिपोर्ट नहीं होने पर 27 अप्रैल को देवेंद्र लाट साब पुन: कोतवाली पहुंचे। जहां 2 घंटे तक इंतजार करने के बाद भी इनकी रिपोर्ट को दर्ज नहीं किया गया।


## कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी (म.प्र.)

**Office of The Municipal Corporation, Katni (M.P.)**

Maharani Laxmi Bai Ward No.- 26
Near Mission Chowk, Katni
Tel- 07622-230120
Pincode:- 483501
Email- commkatni@mpurban.gov.in

क्रमांक/236/परिवहन/2025 — IT call — कटनी, दिनांक: 29/04/2025

**//निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदाये आमंत्रित की जाती निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https:mptenders.gov.in पर देखी जा सकता है।

| क | टेंडर कमांक जारी दिनाँक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2025_UAD_420740_1 | प्रियदर्शनी बस स्टैंड परिसर में बसों से पार्किंग प्रवेश शुल्क वसूली वित्तीय वर्ष (2025-2026)में ठेके पर दिए जाने हेतु एजेंसी फर्म का चयन | 1.वित्तीय वर्ष (2025-2026) 2. न्यूनतम पार्किंग ठेका शुल्क 1370499. 15 रू 18% जी एस टी अतिरिक्त | 1. 2000रू 2. 342625.00रू | 19/05/25 |

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https:mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा
2. निविदाकार/ठेकेदार द्वारा केवल ऑनलाइन के माध्यम से ही दस्तावेज अपलोड करना अनिवार्य होगा।
3. बस स्टैण्ड परिसर में बसों एवं ऑटो को व्यवस्थित पार्किंग करने की समस्त जवाबदारी निविदाकार/ठेकेदार की होगी।
4. निविदाकार/ठेकेदार को बस स्टैण्ड परिसर में 3 दिवसों से अधिक समय तक संचालित नहीं होने वाली बसों को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी/यातायात पुलिस/नगर निगम से समन्वय कर तत्काल हटवाया जाना होगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम कटनी**

» न्यूज कैप्सूल »

## कांग्रेस ने किया संत भूरा भगत शोभायात्रा यात्रा का स्वागत



**पिपरिया।** भगवान शिव के परम भक्त संत भूरा भगत जी की जयंती पर कतिया समाज द्वारा शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। जिसका जगह-जगह स्वागत हुआ। मंगलवारा चौक पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिपरिया के द्वारा युवा नेता दीप रंजीतसिंह छाबड़ा के सहयोग से पुष्प वर्षा एवं कोल्डड्रिंक बांटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर सीमा कटकवार पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ,शरद चौधरी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,फहीम अब्दुल्ला,दीप रंजीतसिंह छाबड़ा युवा नेता पिपरिया,हरीश बेमन, गुड्डू तिवारी, सुनीत पुरोहित,अमित वर्मा,हर्ष कटकवार,प्रशांत पालीवाल,राजू मेहरा,राधेश्याम ठाकरे,सुभाष चंद्रा, नीलेश पुरोहित,शशि रावत, स्नेहलता राजपूत,मयंक दीक्षित, दिलीप कुशवाहा,पवन राय, कमलेश साहू ,राघव पटेल,नीलेश बामने,अली अकबर आदि मौजूद रहे।

## कक्षा 10 वी में मानसी ने बनाए 95 प्रतिशत




**पिपरिया।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित किए गए हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में ज्ञानदीप निकेतन पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा ने कक्षा 10 वी में 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर स्कूल में प्रथम स्थान पर रही। इन्होने अपने माता पिता सहित संस्था का नाम रोशन किया है। मानसी ने बताया कि मेरा स्वास्थ्य ठीक नही रहता है। मेरी पढाई शिक्षको व माता पिता की मदद से बोर्ड की परीक्षा में सफल रही। वही इनका परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट होने का श्रेय इन्होने अपने माता पिता व शिक्षको को दिया।

## ग्राम बनवारी में लगा विधिक साक्षरता शिविर



**पिपरिया।** नगर के समीपस्थ स्थित ग्राम पंचायत बनवारी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दिशा चांडक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पिपरिया,सरपंच रीना रघुवंशी, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष खूबचंद्र रघुवंशी ने माँ सरस्वती की पूजन अर्चन कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में दिशा चांडक न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने ग्राम वासियों को महिला उत्पीड़न,दहेज प्रथा,पास्को एक्ट,घरेलू हिंसा,मोटर व्हीकल एक्ट सहित विभिन्न कानूनी जानकारियां दी। वही उन्होने साईबर अपराधों के बारे में भी ग्रामीणो को जागरूक किया। ग्राम वासियों को समझाते हुए कहा कि कानून का दुरुपयोग न करें छोटी-छोटी बातों को लेकर कानूनी धमकियां नही देना चाहिए। कुछ विवाद तो परिवार के वरिष्ठ जनों की सलाह एवं मार्गदर्शन में भी सुलझाए जा सकते है। इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव ओमप्रकाश साहू,सह सचिव ब्रजेश प्रजापति, सुरेश पटैल, लीलाधर रघुवंशी, विनोद रघुवंशी, मुरारी पटैल, कंछेदी पठारिया सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## रेडक्रॉस सोसायटी दिवस पर वरिष्ठ पत्रकार अटल राजेंद्र जैन ने किया 15वां रक्तदान

**दमोह।** गुरुवार दोपहर 1 बजे रेडक्रॉस सोसायटी दिवस के असवर पर रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से वरिष्ठ पत्रकार अटल राजेंद्र जैन सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया। ओर लोगों से भी जरूरतमंदों को मारने के बाद भी उनकी रंगों में दौड़ने का अवसर प्रदान कर रक्तदान करने की अपील की। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार अटल राजेंद्र जैन ने आज 15 वीं बार रक्तदान करते हुए बताया कि इस समय भारत पाक युद्ध की आशंका है। ऐसे में हमारे जवानों को कभी भी रक्त की जरूरत पड़ सकती है। उनके साहस को सलाम करते हुए स्वप्रेरित होकर यह रक्त उन जरूरतमंद जवानों को इस घड़ी में काम आयेगा।

# बहु ,बेटी का घर आना गृह लक्ष्मी एवं सुख समृद्धि का आना होता है

**सामूहिक विवाह, सामाजिक समरसता का प्रतीक**

**समाज में आ रहा सकारात्मक बदलाव प्रशंसनीय है**

**बेटियां वरदान होती हैं इनका कन्यादान करने से बड़ा कोई दान नहीं --विधायक श्री लारिया**

**मुख्यमंत्री मकरोनिया में 1119 जोड़ों के सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर्चुअली शामिल हुए**

**नवविवाहित जोड़ों को सफल वैवाहिक जीवन का दिया आशीर्वाद**

**सागर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बहु बेटी का घर आना गृह लक्ष्मी एवं सुख समृद्धि का आना होता है, सामूहिक विवाह कार्यक्रम समाज में समरसता, एकता और मितव्ययिता का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि एक ही मंडप में कई जोड़ों का विवाह होना सामाजिक चेतना और बदलती सोच का प्रतीक है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास से सागर जिले की नरयावली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रजाखेड़ी बजरिया (मकरोनिया) में सम्पन्न सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर्चुअली शामिल हुए। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन में कुल 1119 जोड़ों का एक ही मंडप में विवाह कराया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया और उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब सामूहिक विवाह समाज द्वारा प्रसन्नतापूर्वक सहजता से अपनाए जा रहे हैं, जो यह दर्शाता है कि हमारे समाज की मानसिकता में सकारात्मक परिवर्तन हो रहा है। यह बेहद प्रशंसनीय और अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के वैवाहिक आयोजनों से वर-वधू दोनों ही पक्षों का आर्थिक बोझ कम हो जाता है और इससे सामाजिक एकता को भी बल मिलता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी से आत्मीय अपील की कि हम सब इसी प्रगतिशील सोच को अपनाएं और समाज में सद्भाव, सहयोग एवं सादगी को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से अब तक लाखों जोड़ों का विवाह कराया जा चुका है। यह योजना जरुरतमंद परिवारों के लिए एक वरदान की तरह है। उन्होंने वर-वधू से कहा कि वे सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लेकर अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर आगे बड़ें। हमारी सरकार सबके रोजगार और सबके हितों की चिंता कर रही है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में वर-वधू को आशीर्वाद देने के लिए श्री हितानंद शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

खजुराहो सांसद श्री विष्णु दत्त शर्मा ने वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए कहा कि समाज के जरुरतमंद परिवारों की बेटियों का विवाह का जिम्मा अब सरकार ने ले लिया है। बेटियों के हित में पूरी सरकार साथ हैं। मध्यप्रदेश सरकार ने देश में एक मिसाल पेश की है। यहां धन के अभाव के कारण किसी गरीब परिवार को अपनी बेटी के विवाह के लिए नहीं लेना पड़ता। यहां सरकार कन्यादान योजना में अपने खर्च पर बेटियों का विवाह कराती है।

कार्यक्रम स्थल से उप मुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेन्द्र कुमार शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना एक अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना है। इससे समाज में व्यापक स्तर पर बदलाव देखने को मिला है। उन्होंने सभी जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए बताया कि आज ही सभी जोड़ों के खाते में योजना में कुल 6 करोड़ 37 लाख रुपए की धनराशि हस्तांतरित की जा रही है। सम्मेलन के आयोजक नरयावली विधायक इंजीनियर प्रदीप लारिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि बेटियां वरदान होती हैं इनका कन्यादान करने से बड़ा कोई दान नहीं होता हम सब को कन्यादान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सबके सहयोग से मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में इस सामूहिक सम्मेलन में कुल 1119 जोड़ों का विधिवत विवाह संपन्न कराया गया है।

## वैवाहिक समारोह में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी और नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार



**सागर।** गुरुवार को उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल,विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार श्रीमती रेणु प्रदीप लारिया रानी पराग बजाज पार्षद भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन के पारिवारिक वैवाहिक समारोह में शामिल हुए।

अतिथियों ने विवाह स्थल पहुंचकर परिवारजनों से भेंट की एवं हृदयकणिका रक्षा एवं हृदयांश ऋतिक को मंगल शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर मुकेश जैन (हीरापुर) राकेश जैन, जवाहर प?ले, प्रमोद जैन,प्रभात शास्त्री, श्रीमती प्रतिभा जैन, श्रीमती अनुकंपा जैन, श्रीमती रितिन जैन, सुमित यादव, अंशुल परिहार, अभिमन्यु सोनी सहित परिवारजन एवं अतिथि गण शामिल हुए।

## सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थी खेल के साथ परीक्षा में भी अव्वल



**पिपरिया।** नगर के सांदीपनि शासकीय विद्यालय आरएनए स्कूल के विद्यार्थी खेल में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नगर ही नही पूरे जिले का नाम रोशन करते आए है। वही इन विद्यार्थियो ने वोर्ड परीक्षा में भी उत्कृष्ट अंक अर्जित कर संस्था के साथ अपने माता- पिता का नाम भी रोशन किया है। वही इन विद्यार्थियो से सीख लेनी चाहिए की खेल के साथ परीक्षा में भी अव्वल आ सकते है। जैसा कि कक्षा 10 वी की आकांक्षा नायर ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में 85 प्रतिशत अंक अर्जित किए है। आकांक्षा राज्य स्तरीय फुटबॉल उपविजेता दल की कप्तान के साथ रग्बी राष्ट्रीय प्लेयर में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधीत्व किया वही अपनी पढाई पर भी ध्यान दिया। राशि मौर्य भी कक्षा 10 वी में 90.6 प्रतिशत अंक अर्जित किए है । यह भी खेल में पीछे नही है इन्होने भी फुटबॉल में राज्य स्तर ,ड्राईंग में भी राज्य स्तर पर पदक जीतकर संस्था का नाम रोशन किया है। वही पूर्वी केवट ने भी 10 वी में 81 प्रतिशत अंक अर्जित किए है रग्बी प्रतियोगिता में राज्यस्तरीय,सुब्रतो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता उपविजेता टीम की सदस्य का प्रतिनिधित्व किया। प्रिंस केवट ने कक्षा 12 मैथ्स साईंस में 80 प्रतिशत अंक अर्जित किए है यह भी रग्बी में राज्य स्तरीय खिलाडी है।

### कमजोर आर्थिक स्थिती के पालको के बच्चो ने भी किया कमाल

सांदिपनी विद्यालय शासकीय आरएनए स्कूल के कमजोर आय पर अपने जीवन का निर्वाह करने वाले परिवार के बच्चो ने भी कक्षा 10 वी व 12 वी के छात्रछात्राओ ने परीक्षा में उत्कृष्ट अंक अर्जित कर अपने माता पिता के सपनो को साकार किया। वही अनुज विश्वकर्मा ने कक्षा 10वी में 92.4 प्रतियात अंक अर्जित किए है इनके पिता पेंटर का कार्य करते है। वही कपिल केवट ने कक्षा 10 वी में 92.2 प्रतिशत अंक अर्जित किए इनके पिता मजदूरी करते है। स्कूल की छात्रा अलसिफा ने कक्षा 12 वी कला संकाय में 81.4 प्रतिशत अंक अर्जित किए है। इनके परिवार में पिता टेलरिंग का कार्य कर अपने परिवार का भरण पोषण करते है। वही कुमकुम कहार ने कक्षा 12 विज्ञान संकाय में 89.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर संस्था में प्रथम स्थान पर रही। कुमकुम की आर्थिक स्थिती अत्यंत कमजोर होने के कारण संस्था सहित समाजसेवियो ने उसकी मदद की। जिसका परिणाम उसने परीक्षा में उत्कृष्ट अंक अर्जित कर साबित किया। वही इन विद्यार्थियो अपनी पारिवारिक स्थिती कमजोर होने के बाद भी यह नियमित स्कूल आए । और अपनी पढाई पर विशेष ध्यान दिया जिसका परिणाम आज इनके सामने है। संस्था प्राचार्य संजीब दुबे सहित स्टाफ ने बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाए दी।

# पथरिया दमोह रोड पर दुपहिया सवार राहगीरों से लूट करने तीन आरोपी गिरफ्तार

**दमोह।** पथरिया रोड पर पिछले दिनों रात के अंधेरे में राहगीर दुपहिया सवार को रोककर लूट की दो वारदात सामने आई थी जिनका तरीका तथा तीनो आरोपियों का हुलिया एक जैसा होने पर पुलिस द्वारा उनकी तलाश की जा रही थी। साइबर सेल तथा मुखबिर तंत्र की मदद से पथरिया पुलिस ने दमोह निवासी तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से लूट के मोबाइल और राशि बरामद की है। पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने लूट की उपरोक्त वारदात का खुलासा करते हुए बताया कि 3 मई को प्रार्थी रीतेश चौरसिया निवासी पथरिया ने अज्ञात आरोपियो के व्दारा उसके एवं मोहित पटैल को रोक कर मोबाईल व रुपये लूटने की रिपोट दर्ज करायी थी। जिस पर एसडीओपी रघु केसरी के मार्ग दर्शन में टीम गठित कर अज्ञात आरोपीगणों की तलाश पतारसी की गयी । मुखबिर से प्राप्त सूचना पर संदेही तनुज जाटव, आयुष दुबे एवं हीरो उर्फ अब्दुल रसीद को पुलिस अभिरक्षा में लेकर टेक्निकल टीम के साथ बारीकी से पूछँताछ की गई। जिस पर लगा बताया कि 2 मई को रात 11 बजे तीनों के व्दारा तीनगुल्ली चौराहा पर



पथरिया रोड पर कोई अकेला व्यक्ति को लूटने की सलाह हुयी। बाद में तीनों के व्दारा हीरो उर्फ अब्दुल की बाइक से पथरिया रोड पहुचे। जहा एक बाइक सवार के जोरतला तिगड्डा पर मिलने पर उसे रोक कर तनुज जाटव एवं आयुष दुबे के व्दारा उसका वीवो कम्पनी का मोबाईल फोन एवं 60 रूपये नगद लूट लिए गए। फिर जोरतला तरफसे छिरका बकैनी होते हुये छापरी तिगड्डा तरफ पहुंचे बदमाशों ने स्कूटी सवार रीतेश चौरसिया एवं मोहित पटैल को रोककर इन के 3 मोबाईल एवं 600 रूपये लूट लिए गए। विरोध करने पर तनुज जाटव के व्दारा रीतेश चौरसिया के सिर में बियर की बोतल मार दी गई थी। पुलिस द्वारा लूटे गये माल मसरूका को आरोपीगणों से विधिवत जप्त किया गया है। गिरफ्तार आरोपी आरोपी तनुज जाटव निवासी शोभा नगर दमोह, हीरो उर्फ अव्दुल रसीद खान निवासी धर्मपुरा दमोह एवं आयुष दुबे निवासी पंलदी चौराहा, ढिमरौला मोहल्ला दमोह को हिरासत में लेकर कोर्ट में पेश किया गया है। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी में निरी. सुधीर कुमार बैगी, उनि डी पी साहू, प्रआर. वीरेन्द्र, प्रआर भगत, प्रआर राकेश आठ्या, प्रआर सौरभ टण्डन, आर. रोहित राजपूत, मयंक दुबे ( सायबर सेल ), आर. कपिल, आर. नवीन, आर. संदीप कुर्मी, आर. रामसींग, आर. ओमप्रकाश, आर नरेन्द्र, आर.चा. मोहन एवं एनआरएस सदस्य केशव राठौर, हेमन्त यादव का विशेष योगदान रहा।

## हटा व कुम्हारी में शराब माफियाओं की धमकी को लेकर संगठन ने एसपी को ज्ञापन सौंपा

**दमोह।** भगवती मानव कल्याण संगठन के द्वारा जिले भर में नशा मुक्ति अभियान के साथ अवैध शराब के खिलाफ मुहिम चलाई जा रही है यही वजह है कि संगठन कार्यकर्ताओं को आए दिन शराब माफिया और उनके गुर्गों की गुंडागर्दी व धमकियों का शिकार होना पड़ता है।

ऐसे ही एक मामले में संगठन कार्यकर्ताओं ने एसपी आफिस पहुचकर हटा तथा कुम्हारी क्षेत्र में शराब माफियाओं के अवैध कारोबार तथा धमकी भरे हालत को लेकर ज्ञापन दिया तथा एएसपी संदीप मिश्रा को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए कार्यवाही की मांग की। शिकायत में बताया गया है कि अवैध कारोबार का मास्टरमाइंड महेश पुरानी एवं उनके पुत्र आशीष पुरानी व उनके साथी मनीष कुष्मया राजू तिवारी, कुम्हारी शराब माफिया अजय यादव पेशे से यह पुलिस आरक्षक था एवं उनके सरंक्षण में पत्रकार शोभित अग्रवाल निवासी हटा के द्वारा कहा गया है कि अगर भगवती मानव



कल्याण संगठन के कोई भी सदस्य हटा, पटेरा, कुम्हारी में अवैध शराब पकड़ेगा तो तुम्हें जान से मार देंगे, व गाड़ी चढ़ा देंगे झूठा मुकदमा चलवा देंगे जिससे पूरी जिंदगी जेल में पड़े रहोगे। यह बड़े-बड़े शराब माफिया से मिला-जुला है और लगातार कई अवैध धंधे करवा रहा है उसकी कॉल डिटेल निकली जाए यह मांग भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं ने की है। शराब शराब माफिया महेश पुरानी का पुत्र आशीष पुरानी कई आपराधिक गतिविधियों में 34/2 की कार्यवाही में फरार है जो की लगातार भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं को धमकी दे रहा है। पुलिस प्रशासन की जानकारी के बावजूद यह खुलेआम शहर में घूमता है लेकिन हटा पुलिस के द्वारा अब तक कोई कार्यवाही महेश पुरानी या उसके पुत्र आशीष पुरानी के ऊपर नहीं की गई जो कि पुलिस प्रशासन के ऊपर एक बड़ा प्रश्न चिन्ह है। इसी संबंध में कुछ दिन पहले थाना प्रभारी हटा को भगवती मानव कल्याण संगठन ने ज्ञापन सोपा लेकिन हटा थाना प्रभारी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई इसके उपरांत थाना हटा परिसर में हटा शराब दुकान मैनेजर राजू तिवारी ने पुलिस की मौजूदगी में संगठन के कार्यकर्ताओं को गाली-गलौज की उसका वीडियो साक्ष्य उपलब्ध है। भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं की मांग है हटा पटेरा कुमारी के शराब माफियाओं पर उचित कार्रवाई की जाए।

# गौ रक्षक प्रमुख रवि विश्वकर्मा हत्याकांड के सात आरोपियों को आजीवन कारावास

**पिपरिया।** 26 जून 2020 को नगर के बहुचर्चित गौ रक्षक प्रमुख रवि विश्वकर्मा हत्याकांड के सात आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वही मामले में पुलिस की एफआईआर में शामिल 11 लोगों को बरी कर दिया गया है। वर्ष 2020 में इस बहुचर्चित हत्याकांड मामले में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भाजपा नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए थे। इस मामले को लेकर तत्कालीन स्टेशन रोड थाना प्रभारी को भी निलंबित किया गया था। गुरूवार को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश पिपरिया राजेश कुमार अग्रवाल के न्यायालय द्वारा आरोपीगण संजय उर्फ संजू,अजीत पटेल,राहुल पिता कामता,अजय उर्फकल्लू,नितिन उर्फमामा,राजेंद्र उर्फ रज्जू,जगदीश उर्फमुन्ना पटैल को भादवि की धारा 302/149 147,148,341,427 एवं 25/27 आयुध अधिनियम धाराओ मे दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक सोहन लाल चौरे द्वारा पैरवी की गयी।



### वर्ष 2020 में रेलवे अंडरब्रिज के नीचे हुई थी हत्या

मृतक रवि विश्वकर्मा की हत्या वर्ष 2020 में रेलवे अंडरब्रिज के नीचे हुई थी। मृतक के भाई अमित विश्वकर्मा ने सरकारी अस्पताल में थाना स्टेशन रोड पिपरिया में मुन्ना गुर्जर, संजू उर्फ संजय पटेल,अजीत पटेल,राहुल पटेल,नित्लू वंशकार, अभी तिवारी,अभिषेक चौरसिया, कल्लू मेहरा,नितिन सिलावट,रज्जू पुरविया के विरूद्व रिपोर्ट लेख कराई कि उसका बडा भाई रवि विश्वकर्मा जिला गौ रक्षक प्रमुख है। जो विश्व हिंदु परिषद की बैठक में होशंगाबाद से सुरेश कुमार गुर्जर के साथ उसकी कार से शाम 6 बजे करीब वापिस उसे हथवांस तिराहा पर मिले। वह अपने दोस्त कुलदीप सिंह खालसा के साथ मोटरसाईकिल से उनकी कार के पीछे आ रहा था कि शाम 6.45 बजे करीब उसके भाई रवि की कार रेल्वे अंडर ब्रिज के पार हुई कि वही पर एक इको स्पोर्टस ग्रेकलर की कार को रोड पर आडी कर उसके भाई रवि विश्वकर्मा की कार रोक ली और कार से मुन्ना गुजर,संजू उर्फ संजय पटेल,अजीत पटेल,राहुल पटेल व मोटरसाईकिल से नित्तू वंशकार,अभी तिवारी,अभिषेक चौरसिया,कल्लू मेहरा,नितिन सिलावट,रज्जू पुरविया व अन्य तीन मोटरसाईकिलो से आए जिनके हाथ मे कट्टा,राड,पाईप,डंडा लेकर एक राय होकर उसके भाई रवि विश्वकर्मा की कार मे लाठी,डंडे,राड से पुरानी रंजिश पर से जानलेवा हमला कर दिया। गाडी के आगे पीछे के कांच तोड दिये और मुन्ना गुर्जर के हाथ में कट्टा था। सभी ने उसके भाई रवि विश्वकर्मा को गाडी से बाहर खींचकर हथियार एवं कटटे से मारपीट किए। उसके साथी सुरेश गुर्जर के साथ मारपीट की और मुन्ना गुर्जर ने कटटे से बाए हाथ की कोहनी के उपर गोली मारी। वही उसके भाई के साथ मारपीट की। उक्त रिपोर्ट पर देहाती नालसी पंजीबद्व कर उसके आधार पर थाना स्टेशन रोड पिपरिया में धारा 341,147,148,149,323,302 भादवि एवं 25/27 आयुध अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर अपराध अनुसंधान में लिया गया। अनुसंधान उपरांत मुन्ना गुर्जरए संजू उर्फ संजय पटेल,अजीत पटेल,राहुल पटेल, नित्तू वंशकार,अभी तिवारी, अभिषेक चौरसिया,कल्लू मेहरा, नितिन सिलावट, रज्जू पुरविया, दिनेश उर्फ दिन्नू ,पप्पू उर्फ मामा, उमेश उर्फ उम्मी,राजेश पटेल,रमन पुर्विया,राजंदर उर्फरज्जू बादल वंशकार,राहुल पिता कामता प्रसाद, महेंद्र उर्फमोनू ठाकुर के विरूद्व चालान न्यायालय में प्रस्तूत किया गया।

### 44 साक्ष्यो के कथन कराए गए

न्यायालय में विचारण के दौरान अभियोजन द्वारा कुल 44 साक्ष्यों के कथन कराये गये । न्यायालय ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तर्को से सहमत होकर आरोपीगण संजय उर्फ संजू,अजीत पटेल,राहुल पिता कामता,अजय उर्फ कल्लू,नितिन उर्फमामा,राजेंद्र उर्फरज्जू,जगदीश उर्फ मुन्ना को आजीवन कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। वही मामले में शासन की और से विशेष लोक अभियोजक पिपरिया सोहनलाल चौरे द्वारा पैरवी की गयी। जिसमें तीन आरोपी अजय,नितिन उर्फ मामा,राजेन्द्र उर्फ रज्जू की अनुपस्थिति में चार को मेडिकल परीक्षण के उपरांत पिपरिया उप जेल भेजा गया।

# ऑपरेशन सिंदूरः भोपाल में महिलाओं ने खेली सिंदूर की होली, विधायक रामेश्वर शर्मा बोले

## औकात में रहोगे तो जिंदा रहोगे, बाहर जाओगे तो जमीदोज कर दिए जाओगे

**भोपाल।** भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आंतकियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की सफतला के बाद भोपाल में सिंदूर उत्सव मनाया गया। महिलाओं ने सिंदूर की होली खेलकर खुशियां मनाई। कहा कि- आतंकियों ने अपने हमले में महिलाओं का सिंदूर छीना था। भारत के सैनिकों ने सिंदूर का बदला ले लिया है। भारत के सैनिकों की वीरता के लिए हम सिंदूर खेला खेल रहे हैं। महिलाओं ने भारतीय सेना की रक्षा के लिए प्रार्थना की।



ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने बड़ा बयान दिया है। कहा- यह बात पाकिस्तान को समझ लेनी चाहिए कि औकात में रहोगे तो जिंदा रहोगे, औकात से बाहर जाओगे तो जमीदोज कर दिए जाओगे। आतंकवाद पैदा करोगे तो जैसे तुमने हमारी जानें लीं हैं, वैसे हम आतंकवादियों की जान लेंगे। और ध्यान रखना हमारे सिखों पर या किसी पर भी भूलकर भी हमला मत कर देना, यह बहुत घातक होगा।

### प्रधानमंत्री ने भारत के लोगों का दिल जीता

हम ढूंढ-ढूंढ कर केवल आतंकवादियों को मार रहे हैं एक भी पाकिस्तानी नागरिक को हाथ नहीं लगाया है। और हां जो आतंकवादी है उसको कब्रिस्तान और जहन्नुम पहुंचाने का काम भारत की सेना करती थी और आगे भी करती रहेगी। हम दुनिया के नक्शे से आतंकवाद को खत्म कर देंगे और पाकिस्तान अगर अपने आप को आतंकवादी घोषित करेगा तो फिर इसके बारे में भी भारतीय सेना विचार करेगी। प्रधानमंत्री ने भारत के लोगों का दिल जीता है।

## ब्रीफ न्यूज

## श्रीलंका चाहता है मध्यप्रदेश से पर्यटक

### श्रीलंका टूरिज्म प्रमोशन ब्यूरो ने एमपी चेप्टर की टीम को बुलाया श्रीलंका

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय पर्यटन में पिछले कुछ सालों में अपनी खास पहचान बना चुका श्रीलंका मध्यप्रदेश के पर्यटकों को आकर्षित करना चाहता है। इसके लिए श्रीलंका टूरिज्म प्रमोशन ब्यूरो (एसएलटीपीबी) द्वारा पहली बार ट्रेवल एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (टाफी) के एमपी चेप्टर के ट्रेवल एजेंट्स को श्रीलंका बुलाया और वहां की खास जगहों पर घुमाया, ताकि वे पर्यटकों को इसकी बेहतर जानकारी दे सकें।

खास बात यह है कि ऐसा पहली बार हुआ है, जब किसी देश के टूरिज्म डिपार्टमेंट या टूरिज्म प्रमोशन ब्यूरो द्वारा किसी अन्य देश के किसी प्रदेश के संगठन को इस तरह से आमंत्रित किया हो। आमतौर पर ऐसे मामलों में राष्ट्रीय संगठन को भी बुलाया जाता है। इस टूर में टाफी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल कलसी सहित मध्यप्रदेश के 17 ट्रेवल एजेंट्स शामिल थे। इस यात्रा का उद्देश्य भारतीय यात्रियों के लिए श्रीलंका को एक प्रमुख आउटबाउंड गंतव्य के रूप में बढ़ावा देना और रामायण ट्रेल पर विशेष जोर देते हुए पर्यटन की संभावनाओं को पेश करना था। इस यात्रा के दौरान एजेंट्स ने श्रीलंका के अधिकारियों को भारतीय पर्यटन स्थलों की भी जानकारी देते हुए दोनों देशों के बीच समान पर्यटन संभावना बढ़ाने पर जोर दिया।

## इस बार सोमवती पूर्णिमा... विशाखा नक्षत्र, रवि योग में

**भोपाल।** इस बार सोमवती पूर्णिमा विशेष संयोग में आ रही है। इस दिन विशाखा नक्षत्र और रवि योग बन रहा है, जिसमें स्नान दान का खासा महत्व है। पूर्णिमा तिथि पर कुर्म जयंती, भृगु जयंती और बुद्ध जयंती भी है।

सोमवती पूर्णिमा पर शहर के मंदिरों-मठों में कई आयोजन होंगे। पंचांग की गणना के अनुसार वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि सोमवार को आने से यह सोमवती पूर्णिमा कहलाती है। 12 मई को स्वाति नक्षत्र उपरांत विशाखा नक्षत्र की साक्षी में वैशाख मास की पूर्णिमा तिथि आ रही है। पूर्णिमा पर विशाखा नक्षत्र का योग अच्छा माना जाता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान और दान-दक्षिणा का विशेष महत्व है।

सोमवती पूर्णिमा 12 मई, सोमवार को पड़ रही है। इस दिन बुद्ध पूर्णिमा का भी संयोग बन रहा है, जो इसे विशेष बनाता है। इस दिन पीपल वृक्ष की पूजा और रवि योग में भगवान विष्णु और सूर्य की पूजा करना विशेष रूप से शुभ माना जाता है। पूर्णिमा तिथि सोमवार को पड़ रही है, इसलिए यह सोमवती पूर्णिमा कहलाती है। पूर्णिमा का दिन चंद्रमा के शुभ प्रभाव के कारण विशेष होता है और सोमवार भगवान शिव को समर्पित है।

## मोहन सरकार की नई संविलियन नीति

### गृह जिले में नहीं होगा पटवारियों का ट्रांसफर

**भोपाल।** मप्र के कर्मचारी अधिकारियों के तबादले भले ही शुरू हो गए हों, लेकिन पटवारियों को शर्तों के हिसाब से ही तबादले का लाभ मिल पाएगा। राज्य सरकार ने पटवारियों की संविलियन नीति 2025 जारी कर दी है। नई नीति के मुताबिक, 16 फरवरी 2024 के पहले भर्ती हुए पटवारियों को ही जिला अंतर्गत संविलियन की पात्रता होगी। लेकिन जो पटवारी 16 फरवरी 2024 के बाद भर्ती हुए हैं, उन्हें सिर्फ तीन शर्तों के आधार पर ही संविलियन की अनुमति दी जाएगी। दरअसल, पटवारी का पद जिला स्तरीय संवर्ग का होने से इस संबंध में अलग से नीति जारी की गई है। इसके मुताबिक, किसी भी पटवारी को उसके गृह जिले में पदस्थ नहीं किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री को कर्मचारी मंच ने सौंपा ज्ञापन

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि उच्च न्यायालय के आदेशानुसार सरकार एक सप्ताह में नियमित करण नीति बनाकर जारी करें। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने 19 साल पहले 10 अप्रैल 2006 को उमा देवी बनाम कर्नाटक सरकार के मामले के साथ देश की दैनिक वेतन भोगी विषय की सभी याचिकाओं को एक करके एक वृहद फैसला दिया था कि देश के सभी राज्य 10 साल की सेवा पूरी कर चुके दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करें। लेकिन मप्र सरकार ने 19 साल बाद भी 10 साल की सेवा पूरी कर चुके दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित नहीं किया है। उच्च न्यायालय जबलपुर ने स्पष्ट आदेश जारी करें कि राज्य सरकार दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने के लिए नियमित कारण नीति बनाकर नियमित करें।

## भोपाल में 1800 करोड़ की ड्रग्स का मामला

### कोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका की खारिज

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के बगरोदा में पकड़े करीब 1800 करोड रुपए की एमडी ड्रग्स के आरोपी हरीश आंजना की जमानत को कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट का कहना है कि आरोपी के पास से पकड़े गए एमडी ड्रग्स की मात्रा काफी अधिक है। इस प्रकार के आरोपी युवाओं को नशे का आदी बना रहे हैं जो समाज के लिए गंभीर है। इसलिए इस मामले में जमानत नहीं दी जा सकती। हरीश आंजना ड्रग्स फैक्ट्री के मास्टरमाइंड शोएब लाला का खास था। शोएब के साथ हरीश पहले एमडी ड्रग्स के एक-एक किलो के पैकेट बोरी में रखकर उन्हें पैक करता था। उसके बाद शोएब के साथ उन्हें राजस्थान में डिलीवरी करता था। एक वक्त ऐसा भी था जब हरीश में ट्रक में एमडी ट्रक लोड करवाकर मंदसौर भेजा था। शोएब और हरीश एक किलो एमडी ड्रग्स के बदले का 7 से 8 लाख रुपए लेते थे।

### गुजरात एटीएस ने की थी कार्रवाई

**पिछले साल गुजरात एटीएस ने भोपाल से सटे बागरोदा इलाके में कार्रवाई कर एमडी ड्रग्स बनाने वाली बंद फैक्ट्री को पर कार्रवाई की थी। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने एंटी टेररिस्ट स्कॉड गुजरात के साथ एक फैक्ट्री से करीब 1800 करोड़ रुपए की ड्रग्स बरामद की थी। भोपाल के नजदीक बंगरसिया के औद्योगिक क्षेत्र (इंडस्ट्रियल इस्टेट) इलाके में इसे बनाया जा रहा था। गुजरात के सूरत में पकड़ाए आरोपियों से मिली लिंक के बाद भोपाल में कार्रवाई की गई थी। जिसके बाद दो आरोपियों अमित चतुर्वेदी और सान्याल बाने को गिरफ्तार किया गया था।**

# खुफिया तंत्र को सावधान और सक्रिय करने के आदेश मिलेस्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने वन विभाग को

## शिकारियों से बाघ को बचाने के लिए किया हाईअलर्ट

**भोपाल।** स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने भोपाल सहित प्रदेश के सभी वनमंडल के अधिकारी और कर्मचारियों को बाघ को शिकारियों के शिकंजे से बचाने के लिए हाईअलर्ट करते हुए चौबीस घण्टे सातों दिन सजग, सतर्क और सावधान रहने के आदेश दिए हैं। वन्यजीव प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय भोपाल से निर्देश मिले हैं कि सभी वन विभाग अपने वनमण्डलों में खुफिया तंत्र सक्रिय और मजबूत करे।

वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि भोपाल वन्यजीव मुख्य संरक्षक कार्यालय के अनुसार, पिछले दिनों में शहडोल, छतरपुर और जबलपुर वनमण्डल में बाघ के आदतन कुख्यात शिकारी गिरोह के लगातार सक्रिय होने के न सिर्फ प्रमाण मिले हैं, बल्कि वन विभाग टीम ने इनको गिरफ्तार भी किया है। इन बाघ शिकार गिरोह का सम्बंध कटनी, पन्ना जिले के बाघ शिकारी गिरोह से भी रहा है। इससे साबित होता है कि बाघ शिकारी गिरोह का नेटवर्क प्रदेश के लगभग सभी वनमंडलों तक फैला हुआ है। इसलिए जिन वनमण्डल के जंगलों में बाघ की मौजूदगी के प्रमाण मिलते रहे हैं, उन सबको इस मामले में हमेशा हाईअलर्ट रहना चाहिए।

### ग्राम वन समिति, चरवाहों सहित मुखबिरों को सक्रिय करें

अधिकारियों का कहना है कि बाघ शिकार के आदतन शिकारी गिरोह के नेटवर्क सहित उनकी सन्दिग्ध हरकतों पर नजर रखने के लिए वन विभाग के अधिकारी ग्राम वन समिति वनमंडल में मौजूद चरवाहों सहित अपने मुखबिरों का नेटवर्क तैयार करे। खुफिया तंत्र से सूचना मिलने के बाद टाइगर स्ट्राइक फोर्स और वन विभाग के अधिकारी श्वान दल की सहायता लेकर सन्दिग्ध शिकारी गिरोह के डेरे अथवा ठिकानों पर दबिश देकर तलाशी के लिए सर्चिंग ऑपरेशन चलाएं। सर्चिंग के दौरान सन्दिग्ध शिकारी को निकटतम थाने में मुसाफिरी दर्ज करवाकर उससे पूछताछ करें।

### जड़ी - बूटी, चादर, कम्बल बेचने वालों पर नजर रखें

स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स अधिकारियों के अनुसार उनकी टीम सहित स्थानीय वन विभाग के कर्मचारी और खुफिया तंत्र के सदस्य जंगल के आसपास शहर गांव बस्तियों में जड़ी-बूटी, किशमिश, खारक, चादर, कम्बल, प्लास्टिक का सामान बेचने वालों पर विशेष नजर रखें। अन्य वन्यजीवों की तस्करी या शिकार में पकड़ा चुके या सन्दिग्ध शिकारियों के फोटो मोबाइल नम्बर उनके आधार कार्ड का डाटा अपने कार्यालय पर रखें।

## हमीदिया अस्पताल से फरार हुआ कुख्यात कैदी

### एएसआई को चमका देकर हथकड़ी समेत भागा, कोर्ट ने मरते दम तक जेल की सुनाई थी सजा

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल हमीदिया अस्पताल से कुख्यात कैदी हथकड़ी समेत फरार हो गया है। आरोपी रेप और पॉक्सो केस में जेल भेजा गया था। कोर्ट ने उसे मरते दम तक कैद में रहने की सजा सुनाई थी। इस घटना से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। दरअसल, आरोपी अमर उर्फ गुड्डू को आखों के चेकअप के लिए हमीदिया अस्पताल ले जाया गया था। इस दौरान स्ढु दिनेश कुमार को चकमा देकर हथकड़ी समेत वह भाग निकला। आरोपी शांति नगर का निवासी था।

बता दें कि एएसआई दिनेश की कस्टडी से पहले भी कैदी भाग चुका है। जिसके बाद उसे सस्पेंड कर दिया गया था। लेकिन बहाल होते ही उसे दोबारा उसी काम पर लगा दिया गया। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने अलग-अलग इलाकों में छापेमारी की। आरोपी के शांति नगर स्थित घर और अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दी गई लेकिन अब तक कोई कामयाबी नहीं मिली है।

# ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना के लिए होगा एमओयू

## तीसरी नदी जोड़ो परियोजना पर काम शुरू करेगी मोहन सरकार, महाराष्ट्र के सीएम आएंगे

**भोपाल।** केन बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना के बाद मोहन यादव सरकार अब तीसरी नदी जोड़ो परियोजना पर भी काम करेगी। इसके लिए महाराष्ट्र और एमपी सरकार के बीच शनिवार को भोपाल में एमओयू होगा जिसमें ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना पर काम के लिए सहमति बनेगी। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फड़नवीस इस एमओयू के दौरान भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ मौजूद रहेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश शीघ्र ही तीसरी नदी जोड़ो परियोजना के क्रियान्वयन की ओर अग्रसर है। यह परियोजना महाराष्ट्र के सहयोग से पूरी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की नदी जोड़ो परियोजना की संकल्पना को क्रियान्वित करने में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी रहा है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान के बाद महाराष्ट्र के साथ ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज परियोजना के लिए एमओयू होने जा रहा है।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस भी 10 मई को भोपाल में मौजूद रहेंगे। दोनों राज्यों में सिंचाई क्षेत्र के विस्तार और पेयजल उपलब्धता को सुगम बनाने में यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे गुजरात भी लाभान्वित होगा। इस परियोजना से महाराष्ट्र के उत्तरी क्षेत्र और मध्य-प्रदेश के दक्षिणी इलाकों में पानी की सप्लाई हो सकेगी। इससे नागपुर में पेयजल और छिंदवाड़ा में सिंचाई की समस्या का समाधान होगा। प्रदेश सरकार के अनुसार यह दुनिया का सबसे बड़ा भूजल पुनर्भरण प्रोजेक्ट होगा। इसके लिए ताप्ती बेसिन मेगा रिचार्ज और कान्हा उप-बेसिन परियोजनाओं के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं। परियोजना मध्य प्रदेश के लंबे समय से चल रहे अंतर्राज्यीय जल-बंटवारे विवादों को सुलझाने के प्रयासों का हिस्सा है।

### कुल 31.13 टीएमसी पानी का होगा इस्तेमाल

ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना में 31.13 टीएमसी पानी का उपयोग होगा। इसमें से 11.76 टीएमसी मध्य प्रदेश और 19.36 टीएमसी महाराष्ट्र को आवंटित किया जाएगा। इस परियोजना से मध्य प्रदेश में 123082 हेक्टेयर और महाराष्ट्र में 234706 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी।

### इन जिलों को होगा फायदा

इस योजना से प्रदेश में छिंदवाड़ा, बुरहानपुर और खंडवा जिले को फायदा होगा। परियोजना पूरी करने किसी भी गांव का विस्थापन नहीं होगा, इसलिए पुनर्वास कार्यक्रम की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। पहले 66 टीएमसी का जलाशय बनाने का प्रस्ताव था लेकिन विस्थापन और वन क्षेत्रों और बाघ अभयारण्यों पर प्रभाव को लेकर भूजल पुनर्भरण मॉडल पर फोकस किया गया।

# फसलों पर पेंटेड बग का आतंक

## साउथ ईस्टर्न अफ्रीका से मध्य प्रदेश आई आफत

**भोपाल।** खेती करना अब किसानों के लिए भी एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है, अत्याधुनिक खेती के साथ नए-नए कीट भी नई समस्याओं को जन्म दे रहे हैं। और अगर समय से इन कीटों की पहचान किसान नहीं कर पाता, तो फिर पूरी फसल ही तबाह हो जाती है। फसलों पर आतंक के ताजा मामले में पेंटेड बग का नाम सामने आया है। ये खतरनाक कीट दक्षिण पूर्वी अफ्रीका से आया है और इससे बचाव करना बेहद जरूरी है।

गर्मियों के मौसम में मक्का, बरबटी आदि फसलों में कहीं-कहीं एक कीट का प्रकोप देखने को मिल रहा है, जो इन फसलों की पत्तियों के पूरे रस को चूस ले रहे है। इसके कुछ दिनों बाद ही इनके पौधे सूखने लगते हैं। बरबटी की फसल में तो ये पत्तियों के साथ-साथ उनके फलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीके प्रजापति बताते हैं कि इस कीट को पेंटेड बग कीट के नाम से जाना जाता है, जो कई फसलों के लिए खतरनाक होता है। ये बहुत नुकसान पहुंचाने वाला होता है।

### क्या होता है ये पेंटेड बग कीट?

**इस पेंटेड बग कीट को लेकर कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर बीके प्रजापति कहते हैं कि इस कीट का ओरिजिन प्लेस साउथ ईस्टर्न अफ्रीका है, और वहां से श्रीलंका, भारत, म्यांमार, ईस्ट अफ्रीकन देशों में इसका प्रसार प्रसार हुआ है। ये कीट पत्तियों की सतह पर, पत्तियों की निचली सतह पर या भूमि पर एक समूह में अंडे देते हैं, और समूह में अंडों की संख्या लगभग 100 तक हो सकती है। अगर पेंटेड बग कीट के जीवन चक्र की बात करें तो 19 से लेकर के 54 दिनों का इसका जीवन काल होता है।**

### पेंटेड बग है एक रस चूसक कीट

**कृषि वैज्ञानिक बताते हैं कि पेंटेड बग कीट एक रस चूसक कीट है। ये फली के दाने का रस चूसते हैं, पत्तियों का रस चूसते हैं। जैसे वर्तमान में कई जगहों पर बरबटी की फसल में देखने को मिल रहा है, दाने हैं वो सिकुड़ जाएंगे उनकी गुणवत्ता प्रभावित होगी उसका रंग बदल जाएगा या फसल पूरी तरह खराब हो जाती है। कृषि वैज्ञानिक आगे कहते हैं कि ये मुख्य रूप से फसलों में 70 प्रतिशत तक उत्पादन को प्रभावित कर सकता है, अगर ये बीज अंकुरण की अवस्था में है तब और अगर पेंटेड बग कीट फल बनने की अवस्था में है तो लगभग 30 प्रतिशत तक पौधे को नुकसान पहुंचा सकता है।**

## पानी, सड़क-स्ट्रीट लाइट नहीं, आंदोलन की चेतावनी

### 63 साल पहले बसाए गए पटेल नगर में अब तक सुविधाएं नहीं मिली

**भोपाल।** भोपाल के पटेल नगर के लोगों ने पानी, सड़क और स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाएं नहीं मिलने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। ये कॉलोनी 63 साल पहले साल 1962 में बसाया गया था। वर्तमान में यहां 5 हजार से अधिक लोग रह रहे हैं। पटेल नगर 90 एकड़ में ए से एफ-6 सेक्टर तक बसा है। रायसेन रोड पर होने के बावजूद कॉलोनी के लोग पानी, सड़क, नाली और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। रहवासियों ने बताया कि कॉलोनी की टूटी-फूटी सड़कों पर धूल उड़ रही है। उजड़े पार्कों में अब असामाजिक तत्वों का कब्जा है। कॉलोनाइजर ने विकास कार्यों की अनदेखी ही नहीं की, बल्कि कॉलोनी के लिए छोड़ी गई सुविधाओं की भूमि को भी बेचा जा रहा है।

रहवासियों ने 14 महीने पहले एक रहवासी संस्था का गठन किया था, लेकिन संस्था के चुनाव नहीं होने दिए जा रहे हैं। इसे लेकर मंत्री, विधायक और विभागीय अधिकारियों से शिकायतें की जा चुकी है। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष बृजेश सिंह ने बताया कि पटेल नगर के रहवासी अब जाग चुके हैं। अब न झूठे वादे चलेंगे और न बहाने। अपने हक के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा। उपाध्यक्ष मनीष उपाध्याय, वरिष्ठ सदस्य जीपी मिश्रा, रमेशकुमार तिवारी ने बताया कि सुविधाओं के लिए आंदोलन करने की रणनीति बना रहे हैं।




स्वामी **निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.**, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर-462023 भोपाल, म.प्र. से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 601, ए-2, फॉर्चून कस्तूरी, होशंगाबाद रोड, भोपाल-11 (म.प्र.) से प्रकाशित।
***स्थानीय संपादकः बालेन्द्र गुप्ता।** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।), **आर.एन.आई.नं. 58842/94**